आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46
उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 5, अंक 116, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

● सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ का आ सकता है खर्च

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

एफएटीएफ ने हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।

● आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

119 मृतकों के डीएनए मैच, पूर्व सीएम रूपाणी का हुआ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई।

यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं।

साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

निकोसिया। प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

हेली दुर्घटनाः हाईकोर्ट ने सख्त कदम उठाने के दिए निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा मार्ग पर लगातार हो रही हेलीकाप्टर दुर्घटना का सोमवार को संज्ञान लेते हुए सरकार को कड़े कदम उठाने का मौखिक आदेश दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को अदालती कार्यवाही शुरू होने से पहले इस मामले का संज्ञान लिया। खंडपीठ ने मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत से इस मामले में संबंध में सवाल पूछा। अदालत ने यह भी कहा कि चारधाम क्षेत्र में मौसम खराब है, ऐसे में हेली सेवाओं का संचालन क्यों किया जा रहा है? सीएससी ने अवगत कराया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए हेली सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। सरकार की ओर से नयी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने की बात कही गयी है।

जल-विद्युत परियोजनाओं में केंद्र दे विशेष सहायता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर जल-विद्युत परियोजनाओं के विकास व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता हेतु अनुरोध किया।

सीएम ने केंद्रीय मंत्री से ऋषिकेश-हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का अनुरोध किया। साथ ही, राज्य के कुमाऊं और अपर यमुना क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रुपये 4000 करोड़ के वाइबिलिटी गैप फंड के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू-भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड की भी अनुरोध किया, जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके। इसके अतिरिक्त, पावर सिस्टम डेवलप फंड के तहत पिटकुल की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की डीपीआर की स्वीकृति का आग्रह करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को 100 प्रतिशत अनुदान के साथ मंजूरी देने का भी अनुरोध किया। इन परियोजनाओं की लागत 1007.82 करोड़ रुपये है। साथ ही रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को मोदीपुरम (मेरठ) से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया।

● केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री से मिले सीएम धामी

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने नैनीसैनी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा

नैनीसैनी से जल्द उड़ान भरेंगे 72 सीटर विमान

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार : जिले के नैनीसैनी एयरपोर्ट से जल्द ही 72 सीटर विमान उड़ान भरेंगे। करीब 1000 करोड़ से नैनी सैनी एयरपोर्ट का विस्तारीकरण होगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर किए गए सर्वे के अनुसार जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत सीमांत जनपद में पर्यटन विकास और नागरिक उड्डयन सेवाओं के विस्तार के लिए नैनी

सैनी एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान के संचालन की योजना बनाई जा रही है, जिसे देखते हुए एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

अगर शासन द्वारा 1000 करोड़ की योजना को स्वीकृति मिलती है तो उसके बाद नैनी सैनी एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान उड़ान भर पाएंगे और यह एयरपोर्ट 2सी कैटेगरी से 3सी कैटेगरी में आ जाएगा।

तीन गांवों की जमीन का अधिग्रहण

वर्तमान में इस एयरपोर्ट से 42 सीटर विमान दिल्ली के लिए संचालित किए जा रहे है, जबकि देहरादून और पंतनगर के लिए 19 सीटर विमान सेवा संचालित की जा रही है। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद नए रनवे की लंबाई 2608 मीटर हो जाएगी जबकि चौड़ाई 250 मीटर हो जाएगी। प्रशासन की योजना इसके लिए एयरपोर्ट से लगे हुए तीन गांव-पंडा, सुजई और सैनी की जमीन अधिग्रहण करने की है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारियां पूरी

पिथौरागढ़ : जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि 5 वर्षों के बाद लिपुलेख से शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 30 जून को कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल नई दिल्ली से रवाना होगा, जिसके बाद पहले दिन वह टनकपुर में रात्रि विश्राम करेगा। अगले दिन टनकपुर से धारचूला पहुंचेगा। इसके बाद गूंजी के लिए रवाना होगा। इस वर्ष 2 दिन यात्रियों को गुंजी में रहना होगा जहां वह अपने को उच्च हिमालयी क्षेत्र के मौसम के अनुकूल ढालेंगे।

नैनीसैनी एयरपोर्ट के लिए यह बनाया गया मास्टर प्लान

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा हवाई पट्टी के विस्तारीकरण के लिए बनाए गए मास्टर प्लान के अनुसार, नैनीसैनी एयरपोर्ट की चारदिवारी से पूर्व दिशा की ओर ग्राम नैनीसैनी में लंबाई 65 मीटर और हवाई पट्टी के दोनों ओर चौड़ाई 110 मीटर तथा पश्चिम में दिशा (गांव पंडा, आईटीबीपी) की ओर लंबाई 600 मीटर, चौड़ाई 150 मीटर, ग्राम सुजई में टर्मिनल भवन, पार्किंग आदि के लिए लंबाई 477 मीटर, चौड़ाई 300 मीटर भूमि तथा ग्राम सुजई में ही हवाई पट्टी के लिए लंबाई 175 मीटर, चौड़ाई 110 मीटर तथा ग्राम ओडमाथा में लंबाई 600 मीटर, हवाई पट्टी के दोनों ओर चौड़ाई 110 मीटर भूमि को विस्तारीकरण हेतु प्रस्तावित किया गया है। इसके उपरांत नैनीसैनी हवाई पट्टी की कुल लंबाई 2608 मीटर और चौड़ाई 250 मीटर होगी।

टॉपर्स बनेंगे एक दिन के डीएम और एसपी, नदी उत्सव मनेंगे

- शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सीएम पुष्कर सिंह धामी की अभिनव पहल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए सोमवार को दो महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी टॉपर्स को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) की भूमिका दी जाएगी। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव देना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित करना है। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू की जाएगी और इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'नदी उत्सव' आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य की प्रमुख नदियों के नाम पर यह उत्सव जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नदियों की सफाई, स्वच्छता, पुनर्जीवन और संरक्षण को जन अभियान का रूप देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं, धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।

बागेश्वर में जारी रहेगी खड़िया खनन पर रोक: हाईकोर्ट

उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने की सुनवाई, गड्ढे भरने की अनुमति, होगी जियो टैगिंग, अब छह सप्ताह बाद की तिथि नियत

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने बागेश्वर जिले में खड़िया खनन पर लगी रोक को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले की खड़िया खदानों से खनन कर निकाली गयी सामग्री की नीलामी की अनुमति दे दी है। तीन सदस्यीय अधिकार प्राप्त समिति की अगुवाई में खड़िया खनन सामग्री की नीलामी होगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में सोमवार को इस मामले से जुड़ी सात याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इनमें छह जनहित याचिकायें भी हैं। सुनवाई के दौरान कुछ खड़िया खदान मालिकों की ओर से कहा गया कि खड़िया खदानों की ओर से खनन पर रोक से पहले निकाली गयी खनन सामग्री मौजूद है, वह बारिश के चलते खराब हो रही है। उसे नीलामी की अनुमति दी जाए। अदालत ने खदानों में उपलब्ध खड़िया की नीलामी के लिये इतिहासकार पद्मश्री शेखर पाठक की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति का गठन कर दिया। इसमें पूर्व आईएफएस अधिकारी कपिल लाल और रवि चोपड़ा को सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति खड़िया सामग्री की नीलामी के लिये हिन्दी और अंग्रेजी राष्ट्रीय दैनिकों में विज्ञापन प्रकाशित करेगी और नीलामी से प्राप्त धन को पृथक से बैंक खाता में रखा जायेगा। जिला खनन अधिकारी नाजिया हसन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नीलामी प्रक्रिया छह सप्ताह में पूरी होगी।

खंडपीठ ने खड़िया खनन के फलस्वरूप हुए गड्ढों को आपदा के लिहाज से असुरक्षित माना और सरकार को इन्हें भरने के निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय भू जल बोर्ड की अगुवाई में ये गड्ढे भरेंगे और इनकी जियो टैगिंग होगी। खंडपीठ ने अल्मोड़ा मैग्नेसाइट खदान को खोलने की अनुमति नहीं दी है। हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए बागेश्वर जिले में इसी साल खड़िया खनन और परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह रोक जारी रहेगी।

अतिक्रमण पर सरकार दे रिपोर्ट

नैनीताल : हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने हरिद्वार जिले में लक्सर तहसील के ग्राम दाबकी कलां में तालाब और गांव की बेशकीमती भूमि पर रसूखदारों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह होगी।

खिलाड़ी का यौन उत्पीड़न, जूडो एसो. को नोटिस

नैनीताल : प्रशिक्षु जूडो खिलाड़ी द्वारा कोच पर लगाए यौन उत्पीड़न के मामले में दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को सुनवाई करते हुए उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन को नोटिस जारी कर शपथपत्र पेश करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून निवासी प्रक्षिशु खिलाड़ी ने याचिका में कहा कि वह नेशनल खिलाड़ी है। करीब सात साल से वह देहरादून में महिला कोच की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही थी। वर्ष 2024 में उसका चयन नेशनल में भोपाल प्रशिक्षण के लिए हुआ था। आरोप है कि महिला कोच ने उसे प्रशिक्षण को भोपाल के बजाय अपने कोच रहे मुरादाबाद के कोच के पास भेज दिया। दावा किया गया कि विगत 12 मार्च 2025 को पुरुष कोच ने मसाज के नाम पर उसका यौन उत्पीड़न किया।

मुखानी फ्लाईओवर: ईई से प्रगति रिपोर्ट तलब

नैनीताल : हल्द्वानी स्थित मुखानी चौराहे के फ्लाईओवर निर्माण के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजे जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा कोर्ट की खंडपीठ ने अधिशासी अभियंता को एक सप्ताह में अभी तक की गई प्रगति रिपोर्ट को कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने कोर्ट को अवगत कराया कि हल्द्वानी के मुखानी चौराहे पर आए दिन लगने वाले जाम को देखते हुए वर्ष 2018 में यहां फ्लाईओवर बनाने के सुझाव के बाद प्रशासन द्वारा लाखों रुपये खर्च कर सर्वे कराया गया। कई वर्ष बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा इसकी रिपोर्ट पेश नहीं की गई।

यह पॉलिसी मैटर है और सरकार इस पर फैसला ले

- काशीपुर में ई-रिक्शा रूट की याचिका सुनवाई बाद निस्तारित

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की अध्यक्षता में खंडपीठ ने काशीपुर में ई-रिक्शा के रूट तय करने के लेकर दायर जनहित याचिका को सोमवार को निस्तारित करते हुए कहा है कि यह पॉलिसी मैटर है और सरकार इस पर फैसला ले।

मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता तीन माह के भीतर अपना प्रत्यावेदन सम्बंधित विभाग को दें। सरकार उस पर निर्णय ले क्योंकि यह पॉलिसी से जुड़ा हुआ मामला है। मामले के अनुसार, काशीपुर निवासी अभिमन्यु भारद्वाज ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा कि काशीपुर में रिक्शा के रूट निर्धारित नहीं हैं, जिसकी वजह से किसी भी रूट पर ई-रिक्शा चल रहे हैं। यही नहीं, हाइवे पर भी ई-रिक्शा चलाए जा रहे हैं जबकि इनकी गति 25 किलोमीटर प्रति घंटा है।

इनके हाइवे पर चलने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। याचिका के अनुसार, भारत सरकार ने ई-रिक्शा चलाने के लिए मोटर यान अधिनियम की धारा 66 में इन्हें परमिट की छूट दी गयी है और रूट का निर्धारण राज्य सरकार पर छोड़ा गया है परन्तु अभी तक राज्य सरकार ने इनके संचालन के रूटों का निर्धारण नहीं किया है। परमिट की अनिवार्यता नहीं होने के कारण इनकी संख्या में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि ई-रिक्शा के रूटों का निर्धारण कराया जाए।

नवीन बने कोटाबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष

व्यापार मंडल कोटाबाग के नवनियुक्त पदाधिकारी व व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : कोटाबाग व्यापार मंडल के चुनाव में नवीन पाण्डेय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा महासचिव त्रिवेणी चंद्र व राजेन्द्र छिम्वाल कोषाध्यक्ष के पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनियुक्त पदाधिकारियों का व्यापार मंडल द्वारा पुष्प गुच्छ व मालाओं द्वारा स्वागत किया गया।

सोमवार को सिंचाई बंगले में कोटाबाग व्यापार मंडल के पदाधिकीरयों व व्यापरियों की बैठक हुयी।पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा व पदाधिकारियों ने पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसहमति से सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवीन पांण्डेय अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल बुढ़लाकोटी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र बुढ़लाकोटी, उप सचिव प्रशासन कैलाश चंद्र रिखाड़ी, उपसचिव प्रेस ललित मोहन बिष्ट, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गौरव सक्टा, घनानंद सक्टा, कमल चंद्र बुढ़लाकोटी, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र सिंह नेगी व सुदर्शन सिंह कपकोटी निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनियुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन ने कहा सभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा, संरक्षक कुलदीप तड़ियाल, चंद्रशेखर बुढ़लाकोटी, अशोक जोशी, प्रभाकर ढौंडियाल, डॉ. चंद्रशेखर जोशी व राजेन्द्र ढौंडियाल रहे।

सार-संक्षेप

रक्तदान शिविर 21 जून को

भीमताल, अमृत विचार : स्व. पूरन सिंह चनौतिया की तृतीय पुण्यतिथि पर 21 जून को नल दमयंती लाल क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नगर पंचायत देवेंद्र सिंह चनौतिया ने दी है।

उप श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपते पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हरीश पनेरू व नारायण सिंह बर्गली।

विशेष बैंक की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

भीमताल : कुशल और अकुशल श्रमिकों के श्रम विभाग में पंजीकरण तथा उनकी सेवा सुविधा के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाते की अनिवार्यता खत्म करने के संदर्भ में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हरीश पनेरु ने श्रम आयुक्त को ज्ञापन दिया है। उन्होंने श्रम आयुक्त की अनुपस्थिति में उप श्रम आयुक्त हल्द्वानी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अवगत कराया कि श्रम विभाग में कुशल और कुशल श्रमिकों के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा श्रम विभाग से मिलने वाली सेवा सुविधाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक में खाते होने की अनिवार्यता की गई है जिससे भीमताल विधानसभा में बहुत दूर-दूर तक भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं हैं। विशेष रूप से ओखलकांडा विकासखंड में केवल एक शाखा भीड़ापानी क्षेत्र में होने से श्रमिकों को बहुत बड़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने श्रमआयुक्त से परेशानी को देखते हुए किसी भी बैंक खाते को मान्य किए जाने की मांग की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नारायण सिंह बर्गली भी मौजूद थे।

हादसों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते राज्य आंदोलनकारी।

विमान व हेलीकॉप्टर हादसों में मारे लोगों को दी श्रद्धांजलि

रामनगर : राज्य आंदोलनकारियों ने अहमदाबाद विमान हादसे और केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार पर दुर्घटनाओं की जवाबदेही एवं जिम्मेदारी लेने से भागने का आरोप लगाया। कहा जांच के नाम पर कमेटी बनाकर हादसे के जिम्मेदार लोगों को बचाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर धीरेंद्र प्रताप, प्रभात ध्यानी, पुष्कर दुर्गापाल, चंद्रशेखर जोशी, इन्दर सिंह मनराल, नवीन नैथानी, सुमित्रा बिष्ट, कमला जोशी, रईस अहमद, पान सिंह नेगी, सुरेन्द्र नेगी, डीडी सती, मनोज गोस्वामी, योगेश सती, नारायण सिंह रावत व जितेन्द्र गौड़ मौजूद रहे।

दूषित गैसों की जानकारी को वैश्विक नेटवर्क जरूरी: डॉ. कुमार

- एरीज में अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन शुरू, इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. ए.एस. किरन कुमार ने संबोधित किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : वायु मंडल में बढ़ रहे प्रदूषण के साथ जलवायु परिवर्तन को लेकर आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में पांच दिवसीय एफटीआईआर सम्मेलन सोमवार से शुरू हो गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और एरीज गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन डॉ. ए.एस. किरन कुमार ने कहा कि ग्रीन हाउस गैसों एवं कार्बन समेत वातावरण को दूषित कर रही गैसों के डेटा समेत सम्पूर्ण जानकारी के लिए वैश्विक स्तर पर नेटवर्क स्थापित किया जाना नितांत जरूरी है।

डॉ. कुमार ने कहा कि इसमें दोराय नहीं कि वर्तमान में वायु मंडल में तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि हो रही है जिससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है और ग्लेशियर पिघलने के साथ मौसम में परिवर्तन आ रहे हैं जिसकी रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कारण खोजने होंगे और वैज्ञानिक उपाय तलाशने होंगे। इसके लिए वैश्विक स्तर पर नेटवर्क स्थापित किए जाने बेहद जरूरी हैं। इसके वायु प्रदूषण की जांच व मापन के लिए उपकरण विकसित करने होंगे। इसके लिए द्रुत गति के साथ कार्यों को अंजाम तक पहुंचाना होगा, तभी हम ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से निजात पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलनों में युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। युवाओं को दुनिया में हो रहे पर्यावरण संबंधी जानकारी होनी चाहिए और ऐसे अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों से उन्हें विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकती है। इस अवसर पर डॉ. कुमार ने एरीज साइंस सेंटर में बनायी गयी आकाशगंगा दर्शक दीर्घा का भी उद्घाटन किया।

आकाशगंगा दर्शक दीर्घा का उद्घाटन करते डॉ. ए.एस कुमार व डॉ. मनीष नाजा।

एरीज सम्मेलन में मौजूद विभिन्न देशों के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

हिमालय में आने वाले बदलावों का प्रभाव पूरी दुनिया पर

सम्मेलन को संबोधित करते हुए एरीज के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने कहा कि हिमालय हमारे नजदीक होने के कारण, हिमालय के वातावरण की निगरानी हमारी बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि हिमालय में आने वाले बदलावों का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है। जिस कारण एरीज जल्द ही हिमालय व हिमालय के समर्पवर्ती क्षेत्रों के वायुमंडल पर नजर रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक व उपकरण स्थापित करने की योजना बना रहा है। सम्मेलन में उपस्थित विदेशों के विशेषज्ञों की मदद से उपकरण विकसित किए जाने की पुख्ता योजना तैयार की जा सकेगी। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न देशों से पहुंचे वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. महेश शॉ, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. उमेश दुमका, सह संयोजक मोहित जोशी, प्रियंका श्रीवास्तव, प्रतिभागी देश भारत समेत बेल्जियम, जापान, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कनाडा, इथोपिया, मेक्सिको व स्वीडन के 60 से अधिक वायुमंडलीय व पर्यावरण वैज्ञानिक रहे।

एरीज साइंस सेंटर में बना आकाशगंगा दर्शक दीर्घा

नैनीताल : एरीज के मनोरा परिसर के साइंस सेंटर में बनाए गए आकाशगंगा दर्शक दीर्घा का उद्घाटन इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एएस किरण कुमार ने किया। निदेशक डॉ. नजा ने उन्हें बताया कि आकाशगंगा दर्शक दीर्घा हमारे आकाशगंगा की आकृति जैसी है। जिसे देख हमारी अपनी आकाशगंगा को आसानी से समझा जा सकता है। एरीज भ्रमण पर आने वाले लोगों के लिए यह ज्ञानवर्धक होगी। डॉ. कुमार ने एरीज में नवनिर्मित छात्रावास 'कृतिका' नक्षत्र का भी उद्घाटन किया। डॉ. कुमार ने कहा कि, विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं का विकास बेहद जरूरी है। एरीज खगोल विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान के साथ शोध छात्राओं को बेहतर अध्ययन के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम के कुलपति व एरीज के पूर्व निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी तथा एरीज की गवर्निंग बॉडी के सदस्य प्रो. जयराम चेंगलूर, प्रो. दुर्गेश पंत, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. उमेश दुमका, डॉ. वीरेंद्र यादव, रजिस्ट्रार रजनीश मिश्र रहे।

एरीज जुटाएगा एफटीआईआर उपकरण

नैनीताल : एरीज निदेशक डॉ. नाजा ने बताया कि सम्मेलन में फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफटीआईआर) नामक अत्याधुनिक उपकरण विकसित करने में मदद मिलेगी, जो एरीज में स्थापित किया जा सकेगा। इस उपकरण के जरिए जमीन से लेकर असमान तक ग्रीन गैसों की विभिन्न ऊंचाई पर मात्रा का सटीक आकलन किया जा सकेगा। दरअसल, वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने में ग्रीन गैस की मुख्य भूमिका होती है, लिहाजा इस गैस पर नजर बहुत जरूरी है। इस उपकरण को ईजाद करने में सम्मेलन में तकनीकी संबंधी अनेक देशों के वैज्ञानिक पहुंचे हुए हैं। इसकी उपयोगिता बेहद महत्वपूर्ण है। एरीज जल्द इस उपकरण को विकसित करना चाहता है। इससे हिमालय क्षेत्र के वातावरण की जानकारी जुटाई जा सकेगी।

म्यूजिक फेस्ट का आयोजन कर रहे युवा

- पर्यटन को बढ़ावा देने को स्थानीय युवाओं की पहल
- पर्यटकों के साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को भी मिल रहा मौका

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार : प्रशासन, शासन और पर्यटन विभाग नैनीताल जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर ही रहे हैं वहीं अब इस मुहिम को बढ़ाने के लिए नौकुचियाताल क्षेत्र के युवक आगे आए हैं।

इसके लिए कमलताल के अहाते में नौकुचियाताल म्यूजिक फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय लोक संस्कृति, लोक नृत्य के साथ ही हिंदी गायकी को भी प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि वर्ष भर पर्यटन बना रहे इसके लिए यह पहल की गई है।

शनिवार व रविवार को हो रहे इस कार्यक्रम में जहां स्थानीय गायकों, लोकगीत गायक, लोक संस्कृति को संरक्षण देने वाले कलाकारों को मौका मिलेगा वहीं संगीत में रुचि रखने वाले पर्यटकों को भी मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों व पर्यटकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं क्षेत्र के पांच बच्चों को कुमाऊनी नृत्य का प्रदर्शन का भी मौका दिया गया। आयोजन में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, कुंदन मेहरा, नवल, सुलभ जोशी, प्रदीप कर्नाटक, पवन भट्ट, दिव्यांशी आदि ने विशेष सहयोग दिया।

मंच में गीत का गाते करते गायक। ● अमृत विचार

पूर्व में आयोजित हो चुका है ऐसा कार्यक्रम

भीमताल में आज से लगभग 5 साल पूर्व भी स्थानीय युवकों के द्वारा झील किनारे प्रत्येक शनिवार और रविवार को इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। उस समय भी इस कार्यक्रम ने खासी ख्याति बटोरी थी। बाद में इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए बाद मैदानी क्षेत्र से भी लोग यहां आने लगे थे। लेकिन यातायात व्यवस्था और भीड़भाड़ को देखते हुए यह कार्यक्रम बंद कर दिया गया था।

विजेता टीम के साथ अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

बास्केटबॉल टूर्नामेंट पर राज रिफ देहरादून का कब्जा

नैनीताल : स्व. गिरीश वर्मा मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में राज रिफ देहरादून की टीम क कब्जा रहा। डीएसए मैदान आयोजित प्रतियोगिता में हल्द्वानी, अल्मोड़ा, देहरादून और नैनीताल समेत 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला राज राइफल देहरादून बनाम एशियन बास्केटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें 21 राज रिफ देहरादून ने 58 अंक बनाकर जीत हासिल की और एशियन बास्केटबॉल क्लब ने 42 अंक बनाए। डॉ. नागेंद्र शर्मा सचिव खेल बोर्ड कुमाऊं विश्वविद्यालय, कविता गंगोला,सचिन नेगी, एलसाह, डॉ. देवेन्द्र सिंह बिष्ट, राजू रावत, राजीव गुप्ता रहे। आयोजन पुलकित वर्मा और जलज वर्मा द्वारा किया गया। आयोजन समिति में विनोद कनारी, ज्ञान डांगी, तरूण खतवाल, समीर अली, फरीद अहमद, कुणाल आर्य, कुलदीप वर्मा, नीरज कुमार, संतोष कुमार, फरदीन खान, अभिनव जोशी, उज्जवल थे।

आज का मौसम

सुबह बारिश होने की संभावना। उमस भरी गर्मी रहेगी।

31.0°	24.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.13	सूर्यास्त 19.13

एक नजर

तमंचे के दम पर लूटता था चिकारा, पुलिस ने दबोचा

हल्द्वानी : नशे की लत और पैसा कमाने के लिए तमंचे के दम पर लोगों से लूटपाट करने वाले चिकारा को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान मुकेश वर्मा उर्फ चिकारा के रूप में हुई है, जो लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने बताया कि उसने तमंचा रामपुर में एक व्यक्ति से खरीदा था और लोगों को डरा कर पैसे कमाने के लिए इसका इस्तेमाल करना चाहता था। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

20 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला पकड़ी

रामनगर : आबकारी निरीक्षक उमेश पाल नेतृत्व में मालधनचौड़ तथा गांधी नगर में आबकारी टीम ने घरों में दबिश दी। टीम ने गांधीनगर और नई बस्ती शिवनाथपुर अलग-अलग जगहों पर अवैध कच्ची शराब बचने वालों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस दौरान घर में शराब बेच रही प्रियंका रानी निवासी नई बस्ती शिवनाथपुर के पास लगभग कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामदगी की गई। इस दौरान अलका और रमाकांत समेत अन्य आबकारी कार्मिक मौजूद रहे।

निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार चोरी

हल्द्वानी : मुखानी थानाक्षेत्र में निर्माणाधीन मकान चोर बिजली के तार ले उड़े। मुखानी चौराहा निवासी केसीएस खत्री ने पुलिस को बताया कि उनके भाई हरिप्रकाश का देवाश्रय कॉलोनी ऊंचापुल में मकान बन रहा है। जिसमें बिजली फिटिंग का काम चल रहा है। जिसके लिए दस बंडल तार रखे हुआ थे। शनिवार रात किसी ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर सभी बंडल चोरी कर लिए। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दमुवाढूंगा में चार बीघा भूमि से अवैध कब्जा हटाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण, सार्वजनिक उपयोग की भूमि के चिन्हीकरण के लिए किया सर्वे

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने दमुवाढूंगा में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के चिन्हीकरण के लिए समिति का गठन किया है। समिति में तहसीलदार अध्यक्ष, नगर निगम, राजस्व व अन्य विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं।

सोमवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह व एसडीएम राहुल साह के नेतृत्व में प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम ने दमुवाढूंगा में मौके पर पहुंचकर सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध भूमि की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर मिला कि कई स्थानों पर सरकारी एवं नाले की भूमि पर अवैध ढंग से कब्जा व बैरिकेडिंग की जा रही है। एसडीएम ने मौके पर ही ऐसे स्थलों की जांच, अधिभोग संबंधी अभिलेख पेश करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, परित्यक्त भूमि पर अवैध प्लॉटिंग व तारबाड़ की जा रही थी। टीम ने लगभग चार बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग एवं फेंसिंग वायर को जेसीबी से हटाया गया। एसडीएम शाह ने क्षेत्रवासियों को बताया कि प्रशासन की ओर से यह सर्वे सिर्फ रिक्त भूमि एवं शासकीय सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि को चिन्हित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

सांसद अजय भट्ट ने दी जानकारी, नई रेल सेवा के लिए प्रधानमंत्री, रेलमंत्री व मुख्यमंत्री का जताया आभार

20 जून से लालकुआं से प्रयागराज के लिए दौड़ेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं वासियों के लिए खुशखबरी। अब लालकुआं से सीधे प्रयागराज के लिए ट्रेन संचालित होगी। यह ट्रेन 20 जून से प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआं से संचालित होगी।

रेलवे ने कुमाऊंवासियों को नई सौगात दी है। आगामी 20 जून से लालकुआं जंक्शन से प्रयागराज के लिए ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन साप्ताहिक होगी। प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन लालकुआं से वाया बरेली, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज जाएगी। जबकि प्रत्येक गुरुवार को यह ट्रेन प्रयागराज से लालकुआं के लिए रवाना होगी। जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी समय, ट्रेन नंबर वगैरह बताया जाएगा।

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि कुमाऊंवासी लंबे समय से इस ट्रेन के लिए मांग कर रहे थे। इसको देखते हुए उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पत्राचार किया। आखिरकार इस सेवा के लिए स्वीकृति मिल गई। इस ट्रेन के संचालन से प्रयागराज और उत्तराखंड दोनों ही स्थानों पर तीर्थाटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस ट्रेन के संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

गर्मियों के मौसम में ट्रेनों में सीटों के लिए दिक्कत

हल्द्वानी, अमृत विचार : कैंची धाम मेला समाप्त हो गया है लेकिन गर्मियों की छुट्टियां अभी चल रहीं हैं। इस वजह से काठगोदाम रूट की ट्रेनों में अगले तीन से चार दिनों के लिए जगह ही नहीं है। काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के सेकेंड सीटिंग कोच में 18 जून और एसी चेयरकार कोच में 22 जून तक सीटों की वेटिंग लिस्ट चल रही है। एसी कोच में वेटिंग लिस्ट 87 तक पहुंच गई है। दिल्ली को जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में भी अगले एक सप्ताह तक चियरकार और इकोनॉमिकल किसी भी क्लास में सीट खाली नहीं है। दिल्ली होते हुए अजमेर व जैसलमेर को जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस में भी यही हाल है। एसी के सभी क्लास और स्लीपर कोच किसी में भी अगले एक सप्ताह तक सीटें खाली नहीं है। काठगोदाम से देहरादून जाने वाली नैनीदून शताब्दी एक्सप्रेस में भी यही हाल है। 20 जून तक सीटों के लिए मारामारी है। कुछ ऐसा ही हाल काठगोदाम से लखनऊ होते हुए हावड़ा को जाने वाली बाघ एक्सप्रेस का भी है। इससे पहले 12 से 14 जून तक काठगोदाम को आने वाली ट्रेनों में भीड़ थी। बताया जा रहा है कि लोग तत्काल टिकट के लिए सुबह से ही टिकट खिड़की पर पहुंच रहे हैं। हालांकि वहां भी लोगों को कंफर्म टिकट मिल जाए इसकी पूरी संभावना नहीं है।

जल्द आएंगी 100 नई बसें, पुरानी होंगी बाहर

एमडी रीना जोशी ने हिल डिपो का किया निरीक्षण, टिकट प्रोत्साहन योजना में एक से अधिक लोगों के साथ यात्रा पर मिलेगी छूट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक एमडी रीना जोशी ने सोमवार को काठगोदाम में बन रहे हिल डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काम की सुस्त गति को लेकर नाराजगी जताई और कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने और शीघ्र गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने को कहा।

साथ ही प्रबंध निदेशक ने काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय, हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक कार्यालय, काठगोदाम वर्कशॉप और मंडलीय कार्यशाला काठगोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आय बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। वार्ता के दौरान एमडी ने बताया कि परिवहन निगम को शीघ्र ही 100 नई बसों का बेड़ा मिलेगा। जिसके बाद धीरे-धीरे पुरानी बसों को रूट से बाहर कर दिया जाएगा। जिससे बसों के खराब होने व सीटों आदि के पुराने होने की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की आय में कमी आ रही है। जिस पर उन्होंने निगम की आय बढ़ाने को लेकर जल्द टिकट प्रोत्साहन योजना लागू करने के लिए कहा। जिसमें एक से अधिक लोगों के साथ में यात्रा करने पर टिकट में छूट दी जाएगी। बताया कि इस योजना को जल्द लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में किराया कम करने को लेकर मंथन चल रहा है। इधर, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी के काठगोदाम डिपो पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और निगम व रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।

जिसमें उन्होंने परिवहन निगम के सभी कर्मचारियों को हर महीने की सात तारीख तक वेतन दिए जाने, निगम में कार्यरत विशेष श्रेणी -संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने, विशेष श्रेणी-संविदाकर्मियों का महंगाई भत्ता का 4 प्रतिशत शीघ्र लागू किए जाने, निगम के अपने बस बेड़े को बढ़ाने, जिसमें डीजल-इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किए जाने, नियमित कर्मचारियों के पुराने देयकों का भुगतान किए जाने और डग्गामार वाहनों के लिए शासन स्तर से कार्यवाही किए जाने की मांग की।

उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी का स्वागत करते उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै।

रोडवेज कर्मी संयुक्त परिषद ने दिया ज्ञापन

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी का काठगोदाम पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कुमाऊं क्षेत्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना, क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल, क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य मौजूद रहे।

ये रहे मौजूद

परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन पवन मेहरा, मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी, मंडलीय प्रबंधक तकनीकी टीका राम आदित्य, सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम राजेंद्र प्रसाद आर्या, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे, मनोज दुर्गापाल, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी काठगोदाम रघुवीर चौधरी, मनोहर रावत, लेखाकार किशन राम आर्या, दयाल जोशी, तरुण आर्या, नेत्र सिंह, शिव कुमार शामिल रहे।

सड़क किनारे युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: नेशनल हाईवे 309 रामनगर काशीपुर मार्ग ग्राम टांडा चौराहे पर सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पंकज तिवारी। (फाइल)

वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि ग्राम टांडा चौराहे पर मिले शव की शिनाख्त पंकज तिवारी पुत्र धर्मानंद तिवारी (42) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक मूल रूप से अल्मोड़ा जनपद का निवासी है। फिलहाल वह पीरुमदारा क्षेत्र में अपने बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। उन्होंने बताया कि मृतक ग्राम टांडा में देसी शराब की दुकान में नौकरी करता था। बताया जाता है कि मृतक पंकज तिवारी बीते रविवार सुबह घर से निकला था लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।सोमवार की सुबह टांडा क्षेत्र में सड़क किनारे उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक शादीशुदा था और उसके बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के परिजनों की ओर तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

लावारिश शव का किया अंतिम संस्कार

तीन दिन पहले शुक्रवार सुबह ग्राम चिलकिया में सड़क किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में सड़ा गला शव पुलिस ने बरामद किया था। उसकी शिनाख्त के लिए शव को सरकारी अस्पताल में मोर्चरी रखवाया गया था। बताया कि अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सोमवार को 72 घंटे बीतने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

विधायक ने बताया विकसित भारत का विजन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा के मुखानी मंडल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्र व राज्य के विकास का खाका साझा किया गया।

कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वर्णिम युग की ओर जा रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को जनता के सामने पेश किया।

विधायक भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण से भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया था। यह उसी मजबूत नींव का परिणाम है कि विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने कहा कि भारत को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध , सामाजिक दृष्टि से समावेशित एवं सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना ही लक्ष्य है।राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विन्देश गुप्ता ने केंद्र सरकार की योजनाओं आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जल जीवन मिशन के जनकल्याणकारी प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान दलीप सिंह नेगी, आनंद सिंह दरमवाल, अल्का जीना, सुमित्रा प्रसाद, भुवन आर्या, त्रिलोक निगलटिया, राजेश पंत, कल्पना बोरा, पार्षद हरेंद्र बिष्ट, मोहन पाठक, पार्षद अमित बिष्ट, श्रुति तिवारी, भगवान बोरा रहे।

निजी बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

जंगल से भटककर आबादी में पहुंचे सांभर की मौत

हल्द्वानी : जंगल से भटककर एक सांभर आबादी में घुस गया। यहां वहां भटकने से चोटिल गया। वन विभाग ने रेस्क्यू किया लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को एक सांभर भटकर निलियम कॉलोनी पहुंच गया। जहां सांभर के पहुंचते ही कौतूहल मच गया। लोगों की उसको देखने के लिए भीड़ लग गई। बाद में सांभर यहां-वहां से होता हुआ देवलचौड़ चौराहे स्थित एक होटल परिसर में घुस गया। यहां वहां भटकने से वह चोटिल हो गया। बाद में वन टीम मौके पर पहुंची और सांभर को रेस्क्यू किया लेकिन सिर व अन्य जगहें चोट आने से घायल हो गया। पशु चिकित्सक डॉ तरुण ने बताया कि सांभर गंभीर रूप से चोटिल हो गया था, उसे रेस्क्यू कर लिया गया था लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई।

लघुशंका के लिए कार से उतरे युवक को दूसरी कार ने कुचला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : परिवार के साथ रामनगर में एक शादी समारोह से लौट रहा युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। वह कार खड़ी कर लघुशंका के लिए उतरा था और तभी एक दूसरी तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसे पहले रामनगर और फिर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जबकि घटना को अंजाम देने वाला कार समेत फरार है।

वार्ड 21 इंदिरानगर बनभूलपुरा निवासी आरिफ (21 वर्ष) पुत्र मोहम्मद अंसार यहां परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि रविवार को वह कार से परिवार के साथ रामनगर में आयोजित शादी समारोह में गया था। देर रात वह कार से परिवार के साथ वापस घर लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक रास्ते में आरिफ ने लघुशंका के लिए कार रोकी। वह जैसे ही कार से बाहर निकला, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना को अंजाम देने वाला कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इधर, बुरी तरह लहूलुहान आरिफ को परिजन रामनगर स्थित अस्पताल ले कर पहुंचे, जहां हालत नाजुक होने पर परिजनों ने उसे हल्द्वानी स्थित हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन, आरिफ को मुखानी थानाक्षेत्र स्थित एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुखानी थाने के एसआइ राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जबकि रामनगर कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि मामले में तहरीर आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में घायल की एसटीएच में मौत

हल्द्वानी : काशीपुर के व्यक्ति की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार हिम्मतपुर काशीपुर निवासी हरकेश (50 वर्ष) पुत्र हरचरण सिंह रविवार की शाम को घर से साइकिल लेकर गांव में किसी काम से गए थे। घर से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल को काशीपुर के निजी अस्पताल के बाद एसटीएच लाया गया। उपचार के दौरान हरकेश ने दम तोड़ दिया। सोमवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

एक हाथ में हैंडल तो दूसरे में बीयर, पुलिस ने काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कहते हैं न शौक बड़ी चीज है, लेकिन शौक के लिए कभी-कभी भारी नुकसान भी उठाना पड़ता है। शराब के एक ऐसे ही शौकीन को चलती बाइक पर बीयर का शौक फरमाना महंगा पड़ गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपी को धर दबोचा।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो नैनीताल रोड का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक तेजी से भीड़ भरी सड़क पर बाइक दौड़ा रहा है। उसके एक हाथ में बाइक का हैंडल और दूसरे हाथ में बीयर है। बाइक चलाते समय पीछे से आ रही रोशनी में वह बोतल उठा कर बार-बार यह भी चेक कर रहा है कि बोतल में कितनी बीयर बची है। यह देख बाइक सवार के पीछे चल रहे एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने इसे गंभीरता से लिया और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। मुखानी पुलिस ने युवक की पहचान नवीन सिंह भोजक निवासी कुसुमखेड़ा, बिठौरिया के रूप में की और उसके खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग भी की।

फजीहत | लैब तकनीशियन, नर्सेज के बाद अब उपनल कर्मचारियों के स्थानांतरण की बारी

आउटसोर्स कर्मी : सेवा के बदले मिला ट्रांसफर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कम वेतन में चिकित्सा शिक्षा विभाग में काम करने वाले आउटसोर्स कर्मियों को सालों की सेवा के बाद स्थानांतरण का आदेश मिल रहा है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल से पहले लैब तकनीशियनों का स्थानांतरण किया गया, बाद में नर्सों का अब उपनल कर्मियों के ऊपर भी यही गाज गिरी है।

एसटीएच में नियमित लैब तकनीशियनों के आने के बाद यहां काम करने वाले करीब 24 लैब तकनीशियनों को स्थानांतरण का आदेश दे दिया गया। उनके सामने विकल्प रखा गया कि वह प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों हरिद्वार, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में स्थानांतरण लें। इसके बाद यहां नियमित नर्सों की नियुक्ति कर दी गई। जिसके बाद आउटसोर्स के आधार पर काम करने वाली करीब 150 नर्सों को भी यही आदेश आया। अब चार माह से रुके हुए वेतन को लेकर 659 उपनल कर्मचारी पिछले सात दिन से आंदोलनरत थे। इनकी समस्या सुलझाने के बजाय अन्य मेडिकल कॉलेजों में भेजने का आदेश आ गया। इस तरह के आदेश केवल हल्द्वानी में ही नहीं आए बल्कि अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में भी हैं। आउटसोर्स कर्मियों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उनको कम वेतन मिलता है। कम वेतन में दूसरे में शहर में हर किसी कर्मचारी के लिए संभव नहीं है। इसलिए कई कर्मचारियों को मजबूरी में इतने साल सेवा के बाद नौकरी छोड़ने को मजबूर होना पड़ता है।

कोविड काल में भी की सेवा

इन कर्मचारियों का कहना है कि कोरोना की भयावह तीन लहरों के दौरान भी इन्होंने अस्पताल में अपनी सेवाएं दी थीं। साथ ही कर्मचारी सालों से अस्पताल में काम कर रहे हैं। इसके बाद उनको इस तरह से अस्पताल से हटाया जाना उनके साथ अन्याय है।

उपनल कर्मियों ने प्रदर्शन किया स्थगित

एसटीएच में प्रदर्शन कर रहे 659 कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। कर्मचारी नेता नीरज हैड़िया ने बताया कि बीती 12 जून को प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने आंदोलन रोकने की अपील की थी और साथ ही कर्मचारियों का वेतन दिलवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इसको देखते हुए कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि उपनल कर्मचारियों को उनका रुका हुआ वेतन दिलाया जाए।

प्री-मानसून की बारिश से पारे में आई गिरावट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य में प्री-मानसून की बारिश हो रही है। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश हो रही है।

हल्द्वानी में सोमवार तड़के अच्छी बारिश हुई। काठगोदाम में 16 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। सुबह भी बादल छाए रहे। दोपहर बाद ही धूप निकली लेकिन धूप में इतनी गर्मी नहीं थी। लोगों को गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। चार दिन पहले हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 39 डिग्री के पास पहुंच गया था। मुक्तेश्वर में भी तापमान में काफी गिरावट चल रही है। अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री रहा। पहाड़ों में रात के समय ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। 17 से 20 जून तक पूरे कुमाऊं मंडल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश होगी। साथ ही मैदानी इलाकों में भी बारिश होगी। अनुमान है कि 20 से 21 जून के दौरान उत्तराखंड में मानसून का प्रवेश हो जाएगा।

सार-संक्षेप

सड़कों की मरम्मत के लिए शासन को लिखा पत्र

भीमताल : भीमताल विधान सभा क्षेत्र में सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई है। कई मोटर मार्ग में गड्ढे हो गए हैं। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। भीमताल से नौकुचियाताल जाने वाली मोटर मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र के सिलौटी पंत सिलौटी पांडे क्षेत्र में जाने वाले मोटर मार्ग में लोगों ने सड़कों की खराब स्थिति को देखते हुए दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाना छोड़ दिया है। पर्यटन सीजन से पूर्व इन मोटर मार्गो की मरम्मत की मांग की जा रही थी। लेकिन पर्यटन सीजन समाप्त होने पर भी इन मार्गों की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया जिससे स्थानीय लोगों ने नाराजगी है। क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता राकेश बृजवासी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों समेत शासन के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इन मोटर मार्गों को दुरुस्त करने की मांग की है।

देवीधूरा-बसानी मार्ग में पैच व सुरक्षा कार्य शुरू

नैनीताल : नैनीताल बसानी मार्ग में पीएमजीएसवाई की ओर से पैच और सुरक्षा कार्य शुरू कर दिए हैं। लगभग एक सप्ताह में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि बीते एक दशक के बाद करोड़ों की लागत से बनी देवीधूरा-बसानी सड़क में बीते जून 2023 में डामरीकरण पूरा हो गया था। लेकिन बरसात में भारी बारिश के चलते सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई। तो कई स्थानों में पहड़ियों से मलबा गिरने से सड़क बंद हो गई थी। हांलाकि बारिश रुकने के बाद विभाग की ओर से सड़क में पड़ा मलबा हटाकर व क्षतिग्रस्त सड़क की अस्थाई मरम्मत कर आवाजाही के लिए मार्ग को खोल दिया था। लेकिन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क वाहन से आवाजाही करने वालों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। लेकिन इन दिनों विभाग की ओर से सड़क में मरम्मत कार्य व पैच कार्य शुरू कर दिया है। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि आपदा से मिले 15 लाख व जिला प्रशासन से मिले 22 लाख के बजट से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत व मलबा हटाया गया था। अब जिला प्रशासन की ओर से मिले बजट के बाद सड़क में सुरक्षा कार्य किये जा रहे हैं। वहीं ठेकेदार की ओर से सड़क में पैच कार्य किये जा रहे हैं।

भूमियाधार सड़क किनारे 15 से ज्यादा अवैध दुकानें कीं ध्वस्त

नैनीताल : जिला प्रशासन की ओर से सड़क किनारे अवैध दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भूमियाधार मार्ग से प्रशासन के निर्देश पर पुलिस, लोनिवि, वन विभाग व राजस्व विभाग की टीम ने 15 से ज्यादा दुकानें ध्वस्त कर दीं हैं। बता दें कि पर्यटन सीजन के चलते जगह-जगह सड़कों पर स्थानीय व बाहरी लोगों ने अवैध तरीके से फड़ खोके लगा दिए हैं। जहां वाहनों के रुकने पर यातायात प्रभावित हो रहा है। जिससे जाम लगने की समस्या भी सामने आ रही हैं। इधर 15 जून को कैंचीधाम मेले और पर्यटन सीजन में व्यवस्थाएं बिगड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सड़क किनारे अवैध दुकानें हटाने का अभियान शुरू किया था। जिला प्रशासन की ओर से लोनिवि, वन विभाग, राजस्व व पुलिस की टीम ने भूमियाधार में सड़क किनारे लगी 15 से ज्यादा अवैध दुकानें ध्वस्त कर हटा दीं हैं। वहीं बारापत्थर और सरितताल में भी दुकानें हटाई जा रही हैं। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि अभियान के तहत भुमियाधार सड़क किनारे लगी 15 से ज्यादा सभी दुकानें ध्वस्त कर हटा दी गई हैं। बताया कि सडकों के किनारे अवैध फड़ या दुकानें नहीं लगने दी जाएंगी।

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

पहाड़ में जंगली जानवरों के आतंक और सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण किसानों के खेती से दूर होने को लेकर जताई चिंता

किसान पंचायत में उठी किसानों के कर्जे माफ करने की मांग

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: किसान संघर्ष समिति द्वारा ग्राम वीरपुर लच्छी में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने, किसानों के सभी कर्ज माफ करने, कृषि इनपुट खाद, बीज, उपकरणों के दाम कम करने तथा तराई बीज विकास निगम की नीलामी रद्द करने की मांग की गई।

पंचायत को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश के चंद धनी घरानों के 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक के बैंक कर्ज़ माफ कर दिये हैं वहीं दूसरी तरफ के देश 50 प्रतिशत से भी अधिक किसान कर्ज में डूबे हुए हैं परंतु सरकार उनके कर्ज माफ करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में किसानों का अखिल भारतीय मंच संयुक्त किसान मोर्चा गठित हो चुका है सभी किसानों व संगठनों को उसके साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। भारतीय किसान यूनियन एकता के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा ने कहा कि एक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को गुलाम बना लिया था। आज देश में 5 हजार से भी ज्यादा बहुराष्ट्रीय कंपनियां देश में घुस चुकी हैं। देश की सरकार उनके फायदे के लिए नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की फसल नहीं खरीदेगी तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान मजदूर व आम जनता को होगा। सरकार द्वारा खरीदे गए कृषि उत्पाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा जनता को रियायती मूल्यों पर मिलते हैं अतः न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद खरीदने की मांग का देश की जनता को भी समर्थन करना चाहिए। महिला एकता मंच की कौशल्या ने कहा कि पहाड़ में जंगली जानवरों के आतंक व सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण किसान खेती से दूर हो रहे हैं। किसानों को उनके उत्पाद के भी बेहद कम दाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि किसान को 1 किलो अदरक के 40 रुपए मिलते हैं परंतु बाजार में अदरक उपभोक्ताओं को 40 रुपए का एक पाव मिलता है। महेश जोशी ने कहा कि जंगली जानवर खेती चौपट कर रहे हैं, इंसानों को मार रहे हैं। सरकार जंगली जानवरों से सुरक्षा देने की जगह सुरक्षा की मांग कर रहे किसानों व ग्रामीणों पर फर्जी मुकदमे लगाकर उत्पीड़न कर रही है। सांवल्दे गांव में जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग कर रहे 50 ग्रामीणों पर कार्बेट प्रशासन ने फर्जी मुकदमे लगा दिये हैं। पंचायत को सूरज सिंह, लक्ष्मी, अनीता सैनी, धनो देवी, कैसर राना भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष और समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने संबोधित किया।

वीरपुर लच्छी गांव में किसान पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

पुनर्वास की मांग पर नगीना कॉलोनी के लोगों ने तहसील में किया प्रदर्शन

2 वर्ष पूर्व प्रशासन एवं रेलवे ने नगीना कॉलोनी के सौ से अधिक परिवारों को हटाया था

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: दो वर्ष पूर्व जिला प्रशासन एवं रेलवे द्वारा उजाड़े गए नगीना कॉलोनी के सौ से अधिक परिवारों ने उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश उत्तराखंडी के नेतृत्व में तहसील प्रांगण में जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने पुनर्वास की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट और तहसीलदार लालकुआं को ज्ञापन सौपा।

धरना प्रदर्शन के पश्चात तहसील प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश उत्तराखंडी ने कहा कि वर्ष 2023 में रेल प्रशासन और जिला प्रशासन ने लालकुआं की नगीना कॉलोनी क्षेत्र में निवास करने वाले सैकड़ों परिवारों को उजाड़ दिया था, इस दौरान जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के नुमाइंदों द्वारा उक्त कॉलोनी से उजाड़े गए लोगों के पुनर्वास का आश्वासन दिया गया था, परंतु 2 वर्ष बीत जाने के पश्चात आज तक उक्त परिवारों के पुनर्वास का मामला शासन प्रशासन ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

उन्होंने अभिलंब नगीना कॉलोनी के उजाड़े गए परिवारो के पुनर्वास की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित परिवार प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए वह प्रयास कर रहे हैं, इसमें देर हो सकती है, परंतु शासन पर दबाव बनाकर गरीब परिवारों का पुनर्वास करवाया जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों से संयम बरतने की अपील की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन की प्रति तहसीलदार कुलदीप पांडे को सौंपी गई। प्रदर्शनकारियों में राम बहादुर, गौरा व्यापारी, कुंदन सिंह, हनीफ अहमद, गोपाल बसु, आशा देवी, अनीता देवी, चंद्रावती देवी, सोनी देवी, मीना देवी, हेमा देवी, पुष्पा देवी, मंजू बिष्ट, उमा देवी, आसमा सहित भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद थी।

लालकुआं तहसील परिसर में विरोध-प्रदर्शन करते नगीना कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

मंडी समिति ने दो वाहनों से वसूला सत्रह हजार जुर्माना

- एक वाहन में चावल ग्रेड ए के 55 कट्टे लदे मिले
- दूसरे वाहन में प्याज लादकर ले जा रहा था व्यापारी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कृषि उत्पादन मंडी समिति सचल दल द्वारा काशीपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान अवैध रूप से लाए जा रहे चावल और प्याज को पकड़ कर सत्रह हजार रुपया जुर्माना वसूला।

सोमवार को काशीपुर रोड पर मंडी सचिव सहील अहमद के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें एक वाहन को रोक कर देखा तो चावल ग्रेड ए 55 कट्टे लदे थे। जिसमें चावल व्यापारी से मंडी से संबंधित प्रपत्र मांगने पर चावल व्यापारी मोहम्मद उवैस पुत्र हाजी ताहिर निवासी मोती नगर टांडा जिला रामपुर ने बताया कि वह चावल बादली टांडा से खरीदकर फुटकर बिक्री हेतु रामनगर ला रहा था मंडी समिति से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं है।

टीम ने चावल का मूल्य आंकते 1360 प्रति मंडी शुल्क, 340 सैस, एवं 15000 रुपए जुर्माना लगा कर वाहन को मुक्त कर दिया। इसी बीच काशीपुर से एक वाहन को रोका जिसमें प्याज लादी थी प्याज व्यापारी रिजवान पुत्र मोहम्मद इकराम ने मंडी प्रपत्र नहीं होने की बात कही टीम द्वारा 260 रुपया मंडी शुल्क, 130 रुपए सैस एवं 2000 रुपया जुर्माना वसूला। सचल दल में मंडी सचिव सहील अहमद, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, नरेंद्र प्रकाश पन्त, सुनील कुमार मौजूद थे।

रामनगर में सोमवार को मंडी समिति द्वारा रोका गया वाहन। ● अमृत विचार

दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने शटल सेवा को सराहा

हल्द्वानी : कैंची धाम मेले में शटल सेवा के सफल संचालन पर श्रद्धालुओं ने व्यवस्था को खूब सराहा। संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि शटल सेवा के दौरान 450 से अधिक छोटे-बड़े वाहन चलाए गए। जि इस दौरान कैंचीधाम और काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंचे लोगों ने मेले को लेकर की गई व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई।

कांग्रेस व भाजपा को शिकस्त देने को बनेगा राजनीतिक मोर्चा

- 21 व 22 जून को रामनगर में लगेगा विभिन्न संगठनों का जमावड़ा
- उपपा के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने दी जानकारी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियों एवं जनपक्षधर संगठनों को मिलाकर एक राजनीतिक मोर्चा बनाने की घोषणा की है। जिसके लिए 21 व 22 जून को अग्रवाल सभा भवन रामनगर में अधिवेशन किए जाने का ऐलान किया गया है।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने बताया है कि राज्य निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली उत्तराखंड की जनता चाहती है कि उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियां अपने मतभेद एवं अहम को त्याग कर चुनाव में एकजुट होकर सत्ता हासिल कर शहीदों के सपनों को साकार करें। जन भावनाओं का सम्मान करते हुए उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने 21-22 जून को अग्रवाल सभा भवन रामनगर में क्षेत्रीय पार्टियों, जन संगठनों, बुद्धिजीवियों की एक बैठक का आयोजन किया है। जिसमें कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) भाजपा (एनडीए गठबंधन) के खिलाफ 2027 विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय पार्टियों का मोर्चा बनाने का फैसला लिया जाएगा। ऐसा मोर्चा जो उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 में बहुमत हासिल कर उत्तराखंड में सरकार बना कर शहीदों के सपनों तथा राज्य की अवधारणा को साकार करेगा। ध्यानी ने बताया कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर उन्हें बैठक में आने का आमंत्रण दिया है। बताया कि कई क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारीयों ने बैठक में शामिल होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है।

तो शोपीस बने सेंसर फिर मापेंगे नैनीझील के पानी की गुणवत्ता

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : एक साल से शोपीस बने करीब एक करोड़ के प्रोटियस सेंसर एक बार फिर नैनीझील के पानी की गुणवत्ता माप सेकेंगे। लंबे समय से खराब सेंसरों को सिंचाई विभाग ने दुरुस्त करने को हैदराबाद भेज दिए हैं। जहां दोनों सेंसर में आई खराबी की तकनीकी जांच की जा रही है। ताकि भविष्य में सेंसर में कोई खराबी आने पर उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जा सके। इसको लेकर विभागीय स्तर पर संबंधित कंपनी से अनुबंध की भी तैयारी है। जल्द ही दोनों सेंसर दुरुस्त कर नैनीझील में स्थापित कर दिए जाएंगे।

बता दें कि वर्ष 2020 में तत्कालीन जिलाधिकारी सविन बंसल ने नैनीझील का बाथिमेट्रिक सर्वे कराया था। जिसमें वैज्ञानिक विधि से नैनीझील की गहरई समेत पानी की गुणवत्ता के आकड़े जुटाए गए थे। झील की गिरती सेहत को देखते हुए इसकी नियमित मानीटरिंग की जरूरत महसूस हुई तो यूएनडीपी के सहयोग से झील में रियल टाइम मानिटरिंग सिस्टम लगाया गया। जिसके तहत पानी की गुणवत्ता मापने के लिए झील में दो सेंसर स्थापित किये गए। साथ ही पानी की गुणवत्ता दर्शाती हुई तल्लीताल डाठ पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई। मगर कुछ वर्ष बीतने के बाद झील किनारे से एलईडी हटा गई। इधर, बीते एक वर्ष से झील में लगाए गए सेंसर भी खराब हो गए। जिसकी संबंधित विभाग ने कोई सुध नहीं ली अब सिंचाई विभाग ने खराब सेंसरों की समस्या को गंभीरता से लिया।

- झील में लगे दो सेंसर को सिंचाई विभाग ने दुरुस्त करने के लिए भेजा हैदराबाद
- ठीक होने के बाद फिर से नैनीझील में लगाए जाएंगे

हर वर्ष मेंटेनेंस की बनाई जा रही है योजना

अधिशासी अभियंता विजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रोटियस सेंसर आधुनिक तकनीक युक्त है। जिनकों दुरुस्त कराने के लिए इस क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनी को ही भेजना पड़ता है। कंपनी प्रतिनिधियों ने वार्ता में बताया कि हर वर्ष इस तरह के सेंसर की नियमित जांच जरुरी है। विभागीय स्तर पर सेंसर की जांच व गड़बड़ी होने पर उन्हें दुरुस्त करने के लिए कंपनी से अनुबंध की भी योजना है। जिससे खराबी आने पर उन्हें तत्काल ठीक किया जा सके।

> सेंसर स्वान इनवायरमेंटल प्राइवेट लिमिटेट को भेजे गए है। जहां कंपनी कमर्मी सेंसर में आई गड़बड़ी का पता लगा रहे है। कंपनी को बजट आवंटित होने के बाद जल्द सेंसर दुरुस्त करा लिए जाएंगे।
> -विजेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

बैठक | पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कार्यकर्ताओं को अभी से पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने के लिए जुटने के दिए निर्देश

कांग्रेस पंचायत चुनावों में ताल ठोकने को लेकर तैयार : रावत

संवाददाता,रामनगर

अमृत विचार: सोमवार को कांग्रेस कार्यालय हुई बैठक में कांग्रेस ने पंचायत चुनावों में पूरी शिद्दत के साथ मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा की कांग्रेस पंचायत चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने कहा की पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों कों सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारी कों लेकर विचार विमर्श कर जुट जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से उनके सुझाव भी लिए गए। उन्होंने प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कहा अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। इस दौरान पूर्व सैनिक चम्मल खान ने कांग्रेस में शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पुष्पा देवी, ममता आर्या, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, लीलाधर जोशी, जावेद खान, अनिल अग्रवाल, दरवान सिंह रावत, महेन्द्र प्रताप सिंह, दीपक जोशी, फारुख खान, कैलाश त्रिपाठी, पंकज सुयाल, मो. युसूफ, राजू आर्या, गोपाल पाण्डेय, जयपाल रावत, गोपाल रावत, हरदीप सिंह, महेन्द्र आर्या, भोपाल राम, शंकर लाल, देवेंद्र चंदौला, नजाकत अली, अनीश खान, नवीन तिवारी, महेन्द्र कुमार, महिपाल सिंह, सुन्दर सिंह, वीरेंद लटवाल, महेश पाण्डेय, सोएब रजा, जयपाल कड़ाकोटी, इक़बाल, नवीन सुनेजा, आफाक हुसैन, वीरेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

रामनगर में सोमवार को हुई बैठक में पंचायत चुनावों को लेकर अपने सुझाव रखते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

चुनाव संचालन कमेटी बनी

पंचायत चुनावों को लेकर संचालन समिति बनाई गई जो रामनगर विकास खंड में पंचायत चुनाव में भाग लेने वाले प्रत्याशियों से सम्पर्क एवं सामन्जस्य बनाने का कार्य करेगी। कमेटी में रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, नरेश कालिया, युजवेंद्रर सिंह रावत (पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख), भुवन पाण्डेय, गिरधारी लाल, सुरेंद्र नेगी, कुबेर राम, दौलत कटारिया, जसकार सिंह, शहीद हुसैन, प्रकाश चंद्र, विनय पड़लिया, फेजुल हक़ को जिम्मेदारी दी गई।

यूएस नगर चोरों से सबसे ज्यादा त्रस्त, जनपद चम्पावत में तीन साल से लगातार हुई चोरी की घटनाओं में वृद्धि

आंकड़ा: कुमाऊं में हर रोज टूट रहे दो घरों के ताले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस और लोगों के लिए यह खबर सुकून देने वाली है और नहीं भी। इसकी वजह यह है कि कुमाऊं में लगातार पिछले कुछ वर्षों से चोरियों का ग्राफ लगातार गिर रहा है, लेकिन फिर भी हर रोज दो घरों के ताले टूट रहे हैं।

पिछले तीन साल से 1095 दिनों में चोरों ने 2075 घरों को निशाना बनाया। वहीं, कुमाऊं के जहां सभी जिलों में चोरियों का ग्राफ गिर रहा है तो इकलौता चम्पावत ही ऐसा है, जहां इन घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। जबकि सबसे ज्यादा चोरियों के मामले में ऊधमसिंह नगर जिला लगातार पहले पायदान पर बना हुआ है और नैनीताल उसके पीछे-पीछे है।



01 सौ 25 घटनाएं हुई नैनीताल जनपद में पिछले साल

02 हजार 75 वारदातें पिछले तीन साल से 1095 दिनों में

वर्ष और जिलेवार चोरियों की संख्या

वर्ष	नैनीताल	अल्मोड़ा	पिथौरागढ़	बागेश्वर	चम्पावत	यूडीएन	कुल
2024	125	6	12	4	16	440	603
2023	176	18	30	50	15	480	724
2022	214	19	19	6	13	477	748

आरटीआई के तहत पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल और बागेश्वर ऐसे दो जिले हैं, जिन्होंने चोरियों को रोकने में सबसे ज्यादा सफलता प्राप्त की है। वर्ष 2022 में नैनीताल जिले में चोरी की 214 घटनाएं हुईं। वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 176 और वर्ष 2024 में यह संख्या 125 रह गई। जबकि बागेश्वर में वर्ष 2022 में सिर्फ 6 घटनाएं हुईं, लेकिन 2023 में इसमें 8 गुना से ज्यादा का इजाफा हुआ और चोरी के 50 मामले दर्ज किए है। हालांकि 2024 में पुलिस ने बेहतरीन काम किया और यह आंकड़ा 4 पर आकर रुक गया। इसके इतर यूएस नगर का जलवा पिछले कई सालों से बरकरार है। आबादी और मिश्रित आबादी के मामले में यह जिला सबसे बड़ा है। वर्ष 2022 में यहां 748, 2023 में 724 घटनाएं हुईं। इस पर और अंकुश पुलिस ने लगाया तो 2024 में चोरियों की संख्या 603 तक पहुंच गई।

सबसे बड़ी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

हल्द्वानी : पिछले वर्ष 27 नवंबर को मुखानी थाना क्षेत्र में बड़े बुक सेलर पूरन एंड संस के घर सबसे बड़ी चोरी हुई। चोरी में क्या गया, यह अभी तक रहस्य है। इस चोरी को नेपाली मूल की नौकरानी ने साथियों की मदद से अंजाम दिया। नौकरानी ने नशीला सूप पिलाकर मकान मालिक और उनकी पत्नी को बेहोश कर घटना की। पुलिस ने नौकरानी रंबा एंड गैंग को पकड़ने के लिए नेपाल तक दबिश दी। रंबा का एक करीबी पुलिस के हत्थे भी चढ़ा, लेकिन वो भी आरटीओ चौकी से चकमा देकर भाग गया। इस घटना को सात माह गुजर चुके हैं और पुलिस भी शायद इस मामले को बिसरा चुकी है।

बिजली के कट से उपभोक्ता परेशान

हल्द्वानी: गर्मी में चढ़ते पारे के बीच बिजली खपत में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। बिजली कटौती का ये आलम है कि नियमित रूप से एक से दो घंटे बिजली गुल रहती है। सबसे अधिक समय तक बिजली कटौती हीरानगर, रामपुर रोड, राजपुरा, बनभूलपुरा और दमुवाढूंगा में हो रही है। गर्मी में बिजली की खपत सबसे अधिक रहती है। लोग गर्मी से बचने के लिए कूलर और एयर कंडिशन का सबसे अधिक उपयोग करते हैं। जिससे खपत भी बढ़ जाती है। दूसरी ओर शासन की ओर से नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित किया गया है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में दिन के करीब एक से दो घंटे बिजली के कट रहे हैं। जिसके चलते बड़ी आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बिजली गुल होने के साथ ही पेयजल और व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रभावित होती है।

ओलंपिक दिवस पर होगी खेलों की धूम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जिले में 23 जून तक ओलंपिक सप्ताह के तहत विविध खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य ओलंपिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना, युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह जगाना है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि पूरे सप्ताह खेल गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार सुबह 6:30 बजे कालाढूंगी में रन फॉर ओलंपिक डे से होगी। 18 जून को हल्द्वानी के स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 6:30 बजे बास्केटबॉल मैत्री मैच होगा। 19 जून को गौलापार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10:00 बजे ओलंपिक डे क्विज और संवाद कार्यक्रम, 20 जून को दो स्थानों पर खेल आयोजन होंगे। शाम 4:00 बजे देवलचौड़ स्थित एराइज एकेडमी में मैत्री फुटबॉल मैच और शाम 4:30 बजे खन्स्यूं में हैंडबॉल मैच खेला जाएगा। ओलंपिक सप्ताह का समापन 23 जून को होगा। इस दिन सुबह 6:30 बजे रामनगर, नैनीताल और हल्द्वानी में एक साथ रन फॉर ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। नैनीताल के फ्लैट्स मैदान में विशेष कार्यक्रम होंगे, हल्द्वानी के स्पोर्ट्स स्टेडियम में शाम 4:30 बजे निबंध लेखन, योग्यता परीक्षण और स्लोगन प्रतियोगिताएं होंगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया आयोजन युवाओं में खेल भावना को विकसित करने और अनुशासन व स्वस्थता की ओर प्रेरित करने का एक सराहनीय प्रयास है।

सार-संक्षेप

कोषाधिकारी को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

दस्तावेजों के सत्यापन का समय बढ़ाया जाए

हल्द्वानी : चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने सोमवार को कोषाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राज्य आंदोलनकारियों के सत्यापन की समय सीमा बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अभी कुछ ही दस्तावेज नैनीताल से सत्यापन के लिए पहुंचे हैं, दस्तावेजों के सत्यापन की समय 10 से 3 बजे तक किया जाए ताकि राज्यआंदोलनकारियों को वापस न जाना पड़े। प्रचार प्रसार की कमी की वजह से कई राज्य आंदोलनकारियों को सत्यापन की भी जानकारी नहीं है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, भुवन जोशी, अयोध्या प्रसाद केसरवानी, उमेश जोशी, बृजेश भट्ट, हेमचंद शामिल थे।

मार्ग का शिलान्यास करते भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

2.44 करोड़ से बनेगा ककोड़ के गैना का लिंक मार्ग

हल्द्वानी : भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को ओखलकांडा ब्लॉक के स्यूड़ा-कौन्ता-ककोड़ मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में हुआ था लेकिन ककोड़ के गैना गांव में लिंक मार्ग नहीं बनने से ग्रामीणों को इसका लाभ उतना नहीं मिल पा रहा था जितना होना चाहिए। मुख्यमार्ग तक ग्रामीणों को सामान घोडों या सर पर रखकर मुख्य मार्ग तक लाना पड़ता था। कैड़ा से ग्रामसभा ककोड़ के गैना गांव के लिए लिंक मोटर मार्ग बनाने की मांग की थी। विधायक कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नाबार्ड योजना 2.44 करोड़ की स्वीकृति कराई थी। सोमवार को विधायक कैड़ा ने मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हर गांव को सड़क से जोड़ना प्रयास है जिस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

राजकीय महिला कॉलेज की नमामि गंगे इकाई कार्यक्रम के तहत योग करतीं छात्राएं।

नमामि गंगे इकाई ने चलाई संस्कारों की पाठशाला

हल्द्वानी : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की नमामि गंगे इकाई ने राज्य स्वच्छता गंगा मिशन के तहत भोटिया पड़ाव क्षेत्र स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में संस्कारों की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और स्थानीय लोगों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में वेदाचार्य केबी पाठक ने दीप प्रज्वलन, कलावा (मौली) और भगवा रंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने ध्यान का अभ्यास करवाया। इतिहासकार डॉ. सर्वेश भारती ने युवाओं की जल संरक्षण में भूमिका पर जोर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को संस्कृति से जोड़ा जा सकता है। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी पंत ने किया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक व बच्चे रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हो रहा बदइंतजामी का शिकार

राष्ट्रीय खेलों की मेज़बानी करने वाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मैनपावर की कमी से नियमित सफाई और रखरखाव में बाधा

पड़ताल

पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी

अमृत विचारः देशभर के खिलाड़ियों के लिए सपनों की उड़ान गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, बदइंतजामी का शिकार हो रहा है।

हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय खेलों के दौरान क्रिकेट स्टेडियम को अस्थायी रूप से फुटबॉल स्टेडियम में तब्दील किया गया था, जिसके लिए मैदान पर करीब ढाई करोड़ की लागत से यूरोपीयन घास बिछाई गई थी। आज वही घास बिना देखरेख के बदहाल हो रही है। यूरोपीयन घास, जिसे खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल मैचों के लिए लगाया गया था, रखरखाव के अभाव ने इस अत्याधुनिक मैदान की पूरी गुणवत्ता को बर्बाद कर दिया है।

बाउंड्री के चारों ओर उगी घास अब मैदान का मूल स्वरूप ही छुपा चुकी है। गौलापार में बने जिस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम ने कभी राष्ट्रीय खेलों की भव्य मेज़बानी की थी, जहां देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों को अपने सपनों के पंख मिले थे, आज उसी स्टेडियम की हालत देख खेलप्रेमी और खिलाड़ी चिंतित हो रहे हैं।

स्टेडियम में स्ट्रीट लाइट की खुली तारें।

जमीन पर गिरा पड़ा खेलों इंडिया का बोर्ड।

गौलापार स्टेडियम में देखरेख के अभाव में मैदान में उगी घास।

गौलापार स्टेडियम के अंदर टूटी पड़ी सीलिंग।

अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइट्स, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, स्वच्छ पेयजल सुविधा, और खूबसूरत हरियाली इसकी पहचान बन गए थे। लेकिन आज अधिकांश स्ट्रीट लाइटें या तो टूट चुकी हैं या निष्क्रिय पड़ी हैं।

फायर हाइड्रेंट जंग खा रहे हैं और जिन नलों से कभी खिलाड़ी अपनी प्यास बुझाते थे, वे अब झाड़ियों में गुम हो गए हैं। स्टेडियम की छत (सीलिंग) जगह-जगह से टूट गई है। यही नहीं, क्रिकेट के चार अभ्यास पिचों पर घास जम चुकी है, जिससे खिलाड़ी अभ्यास तक नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही, जिस मौली से पूरे शहर को सजाया गया था उस मौली पर भी अब घास जम गई है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

पेयजल स्थलों पर उग आई झाड़ियां

हल्द्वानी : गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए लगाए गए 26 पेयजल स्थलों की हालत दयनीय हो चुकी है। लंबे समय से देखरेख न होने के कारण इन स्थानों पर अब झाड़ियां उग आई हैं, और चार पानी की टोटियां भी गायब हो चुकी हैं। जिन जगहों से खिलाड़ियों की प्यास बुझती थी, वहां अब वीरानी और उपेक्षा पसरी है।

> गौलापार स्टेडियम की वर्तमान स्थिति हमारी जानकारी में है। हम इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। मैनपावर की कमी है, जिससे नियमित सफाई और रखरखाव में बाधा आ रही है। इसके बावजूद सफाई का कार्य चरणबद्ध रूप से चलाया जा रहा है। जहां तक फायर हाइड्रेंट सिस्टम की बात है, उसे अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थान पर रखा गया है ताकि आपात स्थिति में उसका इस्तेमाल किया जा सके। अभ्यास पिचों की मरम्मत और हरियाली की देखभाल के लिए भी कार्ययोजना बनाई गई है।
> **-निर्मला पंत**, जिला क्रीडा अधिकारी

उधर, स्टेडियम में जहां स्ट्रीट लाइट की तारें भी खुली हैं वहीं खेलो इंडिया का साइन बोर्ड ही जमीन पर गिरा मिला।

मौली में उगी घास। ● अमृत विचार

एमबीपीजी में 2 हजार से अधिक पंजीकरण हुए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों में इन दिनों शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। विवि से जुड़े कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर रहे हैं। कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी कॉलेज में समर्थ पोर्टल के माध्यम से सोमवार शाम तक 2030 पंजीकरण हो चुके हैं। जिसमें बीए में 1077, बीएससी मैथ्स में 256, बीएससी बायो ग्रुप में 233 और बीकॉम में 370 पंजीकरण हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से 25 मई से प्रथम चरण में समर्थ पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके बाद 1 जून से कॉलेज और विषय चयन के लिए पोर्टल को खोला गया, जिसमें छात्रों को पसंदीदा कॉलेज और पाठ्यक्रम चुनने की सुविधा मिली।

विवि से जुड़े कॉलेजों में अभी भी छात्र पंजीकरण कर सकते हैं और छूटे हुए विद्यार्थी इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। रविवार तक एमबीपीजी कॉलेज के लिए 2000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके थे, जिससे यह स्पष्ट है कि छात्रों में कॉलेज को लेकर खासा उत्साह है। समर्थ पोर्टल को 30 जून तक पंजीकरण के लिए खोला गया है।

एमबीपीजी कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से समय रहते पंजीकरण करने और जल्द ही दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है, ताकि उन्हें प्रवेश में किसी तरह की परेशानी न हो।

चाक डाउन हड़ताल पर जाएंगे शिक्षक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: प्रदेश में लंबे समय से अटकी पड़ी पदोन्नति और स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षा निदेशालय परिसर में राज्यव्यापी धरना दिया गया। एक दिवसीय धरने में प्रदेशभर से करीब 9 हजार शिक्षक और शिक्षक संघ के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया।

धरने की अगुवाई कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षकों के साथ विभाग का व्यवहार पूरी तरह उत्पीड़नात्मक है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 7-8 सालों से शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हुई, जबकि स्कूलों में पद रिक्त पड़े हैं। आरोप लगाया कि विभाग कोर्ट का बहाना बनाकर पदोन्नति टाल रहा है जबकि सरकार यदि चाहे तो एक ही दिन में यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो 5 जुलाई से चाक डाउन हड़ताल और फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षा निदेशालय में धरना देते शिक्षक।

धरने का संचालन प्रदेश महामंत्री रमेश पैन्यूली ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अब सरकार के आश्वासनों से तंग आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को लगातार ठगा गया है और अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल ने कहा कि यह विभाग अब केवल प्रयोगशाला बनकर रह गया है। इसे अब कोई ठोस कार्य नहीं करना है। अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। इस प्रदर्शन को कई कर्मचारी संगठनों का भी समर्थन मिला। जिसमें अजय रावत, अध्यक्ष पर्वतीय कर्मचारी संगठन उत्तरकाशी और विजयपाल पयाल, प्रांतीय महामंत्री आयुष विभाग ने शिक्षक संघ के आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया।

धरने में प्रमुख रूप से शामिल पदाधिकारी

राजकुमार चौधरी प्रांतीय उपाध्यक्ष, जगदीश बिष्ट प्रांतीय संयुक्त मंत्री, लक्ष्मण सजवान कोषाध्यक्ष, गोकुल सिंह मर्तोलिया कुमाऊं मंडल अध्यक्ष रविशंकर गुसाईं मंत्री, हेमंत पैन्यूली मंडलीय मंत्री गढ़वाल, प्रदीप भंडारी जिलाध्यक्ष चमोली, अतोल सिंह महर जिलाध्यक्ष उत्तरकाशी, गिरीश जोशी जिलाध्यक्ष नैनीताल, प्रवीन रावल जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़, भुवन चिलवाल जिलाध्यक्ष अल्मोड़ा, दीपक शर्मा जिलाध्यक्ष उधमसिंह नगर, जगदीश अधिकारी जिलाध्यक्ष चंपावत, प्रकाश उपाध्याय जिलाध्यक्ष बागेश्वर।

प्रशिक्षण राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में विशेष प्रशिक्षण सत्र का किया गया आयोजन

अधिकारियों व कार्मिकों को सिखाईं चुनाव की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने उप एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों को चुनावी प्रशिक्षण दिया।

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सोमवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र हुआ। इसकी अध्यक्षता संयुक्त सचिव प्रभारी कमलेश मेहता ने की। इसमें निर्वाचन आयोग व राज्य सूचना विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़ी विभिन्न कार्यप्रणालियों पर जानकारी दी। एनआईसी के विकसित विशेष सॉफ्टवेयर का लाइव डेमो दिया। साथ ही मतदाता प्रबंधन, मतदाता सूची अपलोड, मतदान किट, मतपेटी प्रबंधन, निर्वाचन प्रमाण पत्र, मतगणना एवं निर्वाचन व्यय सीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मेहता ने कहा कि पहली बार निर्वाचन के विभिन्न चरणों के लिए सॉफ्टवेयर बनाया गया है। यह सॉफ्टवेयर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और तकनीकी सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मतदान और मतगणना की प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी बल्कि कार्मिकों की नियुक्ति से लेकर परिणामों की घोषणा तक का कार्य ऑनलाइन माध्यम से सुगमता से किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2018, पंचायत निर्वाचन नियमावली संशोधित प्रावधानों, निर्वाचन व्यय सीमा, मतदान व मतगणना प्रबंधन, निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

मेहता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर सभी नागरिक मतदाता सूची में नाम की जांच कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम छूट गया हो या गलत दर्ज हो तो सहायक निर्वाचन अधिकारी अथवा उप जिलाधिकारी के माध्यम से नाम जोड़ा या सुधारा जा सकता है। साथ ही, अपात्र व्यक्तियों के नाम हटवाने के लिए भी लिखित आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

लेखाकार के समर्थन में उतरे पेंशनर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सेवानिवृत्त लेखाकार हरीश डबराल की समकक्ष वेतनमान, पदनाम, एसीपी और स्थायीकरण की मांगों को लेकर सोमवार को गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने डबराल के समर्थन में नारेबाजी की।

धरने के बाद संगठन के प्रतिनिधियों की निदेशक संजय कुमार से वार्ता हुई, जिसमें संगठन ने डबराल के प्रत्यावेदन पर 27 मई को निदेशालय की ओर से दिए गए प्रत्युत्तर पर गहरी नाराजगी जताई। प्रत्युत्तर में डबराल के समायोजन को निरस्त करने की बात कही गई थी, जिसे संगठन ने उत्पीड़नात्मक और असंवेदनशील बताया।

सेवायोजन कार्यालय में धरना देते गवर्नमेंट पैंशनर्स वैलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य।

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बची रावत ने कहा कि किसी भी पेंशनर के विरुद्ध अन्यायपूर्ण कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ता में निदेशक संजय कुमार ने आश्वासन दिया कि डबराल के प्रकरण की 10 दिन के भीतर पुनर्समीक्षा की जाएगी और इसके लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही डबराल को भी समिति की बैठक में आमंत्रित किया जाएगा। इस निर्णय से सहमत होकर हरीश डबराल ने धरना अस्थायी रूप से 10 दिन के लिए स्थगित करने का पत्र निदेशक को सौंपा। इस दौरान लीलाधर पांडे शाखाध्यक्ष एनसी जोशी, उपाध्यक्ष, पीसी जोशी, डिप्लोमा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जेएस पन्तोला, सुधीर पांडे, नवीन जोशी, बीसी पांडे, श्याम सिंह रावत मौजूद रहे।

पांच योजनाओं की सफलता की कहानी उपलब्ध कराएं

राज्यपाल ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक, प्रधानमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के लिखित विवरण देने के निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः राज्यपाल सेनि. लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रुद्रपुर में लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य की सराहना की। साथ ही उन्होंने 5 योजनाओं की सफलता की कहानी उपलब्ध कराने व प्रधानमंत्री फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के लिखित विवरण देने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए।

सोमवार को राज्यपाल सेनि. लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह काशीपुर पहुंचे। राज्यपाल ने ननकाना साहिब गुरुद्वारा काशीपुर में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने ननकाना साहिब परिसर के सरोवर का भी निरीक्षण किया। वहीं राज्यपाल ने काशीपुर मंडी अतिथि गृह में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व भारत सरकार की विकासपरक योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने बेस्ट इलेक्शन इलेक्ट्रोल प्रेक्टिसस के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर बीस सूत्रीय कार्यक्रम में गत वित्तीय वर्ष प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा, जिस पर राज्यपाल ने जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी। जिलाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारियां दीं। जिलाधिकारी ने भारत सरकार की जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन में 94 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष 6 प्रतिशत कार्य अंतिम चरण में हैं, जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जल संयोजन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में गिर रहे भू-जल स्तर को देखते हुए ग्रीष्म कालीन धान की खेती पर रोक लगाई गई है, ताकि भू-जल स्तर को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में सरकारी जमीनों में अतिक्रमण को चिन्हित कर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही ड्रग्स व साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है। कई साइबर फ्रॉड व ड्रग्स अपराधियों को अभियान चलाकर जेल की सलाखों के पीछे डाला गया है।

जिलाधिकारी ने भारत सरकार की फ्लैगशिप (ध्वजवाहक) योजना के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पीएम जन धन योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, मिशन इंद्रधनुष, पीएम मातृ बंधन योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा योजना, लखपति दीदी, पीएम आवास योजना कार्य प्रगति के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए महिला समूह बनाये गये हैं जिन्हें बैंकों से लिंक करते हुए उनके उत्पादों की विपणन की भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महिला समूहों को जनपद, प्रदेश व देश के विभिन्न मेलों के माध्यम से भी बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला समूहों को जनपद में कैंटीन, पार्किंग, ग्रोथ सेंटर आदि भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं, ताकि उनकी आर्थिकी मजबूत हो सके।

इस मौके पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी सिंह, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, एसपी अभय सिंह, गुरुद्वारा में बाबा सुरेन्द्र सिंह, बाबा गुरजंत सिंह, बाबा हरि सिंह, बाबा लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।

काशीपुर के मंडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी को सम्मानित करते राज्यपाल।

काशीपुर के गुरुद्वारे में मत्था टेकते राज्यपाल। ● अमृत विचार

गुरुद्वारा ननकाना साहिब आस्था व सेवा की मिसाल

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किए गुरुद्वारा ननकाना साहिब काशीपुर के दर्शन
- गुरुद्वारे में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

सोमवार को राज्यपाल ने परिवार के साथ गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब के दर्शन किये। उन्होंने ननकाना साहिब परिसर के सरोवर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि यहां का आध्यात्मिक वातावरण, सेवा भावना और समर्पण की मिसाल उन्हें गहराई से स्पर्श कर गई है। गुरुद्वारे में जो पारिवारिक प्रेम मिला, वह अनुपम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर उन्हें बाबा नानक की छवि दिखाई दी, जो यह दर्शाता है कि यहां पर एकता, सेवा और समर्पण की सच्ची भावना विद्यमान है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव जी द्वारा दिया गया 14 शब्दों का मूल मंत्र संपूर्ण ब्रह्मांड को परिभाषित करता है और यहां आकर उन्होंने एक अलग ही आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्यता का अनुभव किया। बाबा नानक की शिक्षा, सादगी, नम्रता, मासूमियत और करुणा यहां की सेवा में स्पष्ट रूप से दिखती है।

उन्होंने बाबा सुरेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने गुरुद्वारा साहब को एक ऐसे सेवा स्थल में परिवर्तित किया है, जहां से सकारात्मक ऊर्जा और शिक्षा की धारा प्रवाहित होती है। विशेष रूप से बेटियों और बच्चों के लिए जो शैक्षिक प्रयास यहां किए जा रहे हैं वह सराहनीय हैं और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह स्थान वास्तव में आस्था, एकता और सेवा की मिसाल है। इस मौके पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, बाबा सुरेंद्र सिंह, बाबा गुरजंत सिंह, बाबा हरि सिंह, बाबा लाखन सिंह, गुरविंदर सिंह चंडोक, दिलप्रीत सेठी आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झुलसी

काशीपुर : मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी माहीनूर संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। परिजनों ने उन्हें एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद छुट्टी कर दी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

सूचना

मैंने अपने पुत्र सुमेर सिंह व गुरचेतन सिंह को गलत संगत, परिवार विरोधी हरकतों के चलते अपने संबंध विच्छेद कर चल - अचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है। सुमेर व गुरचेतन के कृत्यों से हमारा कोई सरोकार नहीं रहेगा। **इकबाल सिंह, निवासी - झनकट, खटीमा, उधम सिंह नगर।**

Notice

I, Devki Devi Joshi, mother of Pradeep Kumar Joshi resident of village Talli Pokhari, Okhalkanda, District - Nainital 263157 have changed my name from Devki Devi Joshi to Devaki Devi vide affidavit dated 16062025 before district court, Uttarakhand.

सीएम के फैसले से फायर एनओसी लेना आसान

- राज्यभर के व्यवसायियों व चिकित्सकों ने लगाई थी नियमों में बदलाव की गुहार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचारः उत्तराखंड सरकार ने अग्नि सुरक्षा मानकों में उदारता दिखाते हुए एनओसी प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयों को दूर कर व्यवसायियों को एक तोहफा दिया है। जिसका तमाम व्यवसायियों, चिकित्सकों सहित विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि अग्नि सुरक्षा मानकों में राज्य गठन के बाद पहली बार बदलाव करते हुए व्यवसायियों को एनओसी हासिल करने के नियमों को सरल बनाया गया है। जिससे राज्य में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही, साथ ही बंद पड़े पुराने उद्योग जो अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिलने के कारण बंद होने की कगार पर थे उन्हें भी राहत मिलेगी। वरिष्ठ व्यवसायी पवन अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र जुनेजा (राजू), होटल व्यवसाय एसोसिएशन के मुकेश गुप्ता, पटाखा एसोसिएशन अध्यक्ष अक़रम अंसारी, खटीमा हॉस्पिटल एसोसिएशन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भावेश मलनकिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी सहित अनेक व्यवसायियों ने अग्नि सुरक्षा नियमों में दिखाई गई उदारता के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया है।

बहुगुणा ने 71 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

- गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा-सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही, मिलों का हो रहा आधुनिकीकरण

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचारः सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की (बाजपुर, किच्छा एवं नादेही) चीनी मिलों में स्थायी सीजनल के रूप में कार्यरत रहे मृतक कर्मकारों के 71 आश्रितों को गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

सोमवार को सहकारी चीनी मिल बाजपुर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा, दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू, जसपुर विधायक आदेश चौहान आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि पीड़ित के जीवन से परेशानी हटाकर चेहरे पर मुस्कान लौटाना सरकार का काम है और हमारी सरकार इस कार्य को बिना किसी भेदभाव के कर रही है। आज नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले इन नौजवानों के चेहरे पर खुशी देखकर मन को सुकून मिला है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के लिए फंड खुला और इस फंड के माध्यम से मिलों के आधुनिकीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस दौरान बाजपुर चीनी मिल के 37, नादेही के 19 व किच्छा 15 स्थाई सीजनल मृतक आश्रित कर्मकारों के आश्रितों को नियुक्त पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को गदरपुर के भाजपा विधायक अरविंद पांडेय, जसपुर विधायक आदेश चौहान, दर्जा राज्यमंत्री गन्ना मंजीत सिंह राजू, भाजपा नेता राजेश कुमार व गौरव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विहिप गोरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस ने किया। इस मौके पर नादेही चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक चंद्र सिंह इमलाल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री जितेंद्र कुमार शर्मा, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह हैरी, कौशलयापुरी के चेयरमेन राजीव सैनी, गुरमुख सिंह, बल्देव सिंह बड़ैच, गुरमीत सिंह सीटू, अमर पांडेय, बासवानंद जोशी, श्याम कार्तिक, संजीव चौहान, राजू पंडित, महेंद्र कालड़ा, सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

प्लेन दुर्घटना के मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

काशीपुर : बीती शाम मोहल्ला लाहोरियान स्थित श्री आर्य समाज मंदिर में साप्ताहिक सत्संग के बाद आर्य समाज की एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए लोगों की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई।

ट्रांजिट कैंप में विधायक ने दी सड़क की सौगात

- दो करोड़ की लागत से बनेगी 450 मीटर सड़क
- 2023 से उठ रहा था सड़क निर्माण का मुद्दा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः वर्ष 2023 से ट्रांजिट कैंप-शिवनगर झील मोड़ तक जर्जर सड़क का मुद्दा आखिरकार सुलझ गया। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैंप के वाशिंदों को बड़ी सौगात देते हुए सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। दो करोड़ की लागत से बनने वाली 450 मीटर सड़क के बाद अब लोगों की यात्रा सुलभ हो जाएगी।

450 मीटर मुख्य मार्ग के निर्माण का शुभारंभ करते विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि ट्रांजिट कैंप-शिवनगर झील मोड़ तक की मुख्य सड़क एक प्रोजेक्ट था। यही कारण है कि खस्ताहाल सड़क को लेकर वर्ष 2023 से मुद्दा उठाता आ रहा है, जबकि सड़क का प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया था, लेकिन तकनीकी कारणों से सड़क नहीं बन पा रही थी। बावजूद उनके द्वारा कई बार सीएम और लोनिवि अधिकारियों से वार्ता की और दो करोड़ रुपये स्वीकृत होने के बाद शिलान्यास किया। सड़क वास्तव में स्थानीय बाशिंदों के लिए एक बड़ी सौगात है। कारण बरसात के मौसम में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनका मकसद यह है कि विधानसभा का विकास हो और प्रदेश के सीएम भी अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित कर प्रदेश के विकास को आयाम दे रहे हैं। इस मौके पर वेद ठुकराल, रश्मि रस्तोगी, धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, प्रीत ग्रोवर, केके दास, राजकुमार साह, पार्षद एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, मुकेश रस्तोगी, कैलाश राठौर, मानवेंद्र राय, राजेश जग्गा, वीनू सिंह, गीता शर्मा, हिमांशु शुक्ला, किरन विर्क मौजूद रहे।

रुद्रपुर में मुख्य मार्ग का लोकार्पण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

कंटेनर की चपेट में आकर घायल हुए युवक की मौत

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचारः कोतवाली अंतर्गत रुद्रपुर रोड पर दो दिन पूर्व कंटेनर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई। मृतक के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम मानपुर स्वर्ग फॉर्म, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी प्रकाश चंद्र राय ने बताया कि 2 दिन पूर्व 14 जून की रात्रि करीब 11 बजे दरऊ चौक, किच्छा निवासी उसका साला सरोज कुमार मंडल अपनी बाइक से लालपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत महिंद्रा कंपनी के सामने हाईवे कट से बाइक मोड़ रहा था। जबकि प्रकाश चंद्र दूसरी बाइक पर उसके पीछे-पीछे चल रहा था। बताया कि हाईवे कट पर बाइक मोड़ते समय कंटेनर के चालक ने लापरवाही से वाहन को चलाते हुए सरोज मंडल की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

घटना में सरोज मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि दिल्ली के सफदरगंज हॉस्पिटल में इलाज के दौरान सरोज मंडल की मौत हो गई। प्रकाश चंद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda काशीपुर मुख्य शाखा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा श्रीमती अंजलि अरोड़ा पत्नी श्री पंकज अरोड़ा के नाम पर स्थित नीचे उल्लिखित संपत्ति को अपने एक ग्राहक द्वारा अनुरोधित ऋण/क्रेडिट सुविधा के लिए सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।

यदि किसी को नीचे उल्लिखित संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/हित/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक सबूत के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।

यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति किसी भी प्रभार/दावे/भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

संपत्ति का विवरण

बंधक अचल सम्पत्ति (व्यावसायिक भूमि) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 107/1 मिन, राजस्व ग्राम– लक्ष्मीपुर लच्छी, तहसील– काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर या 4050 वर्ग मीटर। सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/एसडीओ काशीपुर द्वारा धारा 143 जेडए/एलआर अधिनियम के तहत पारित राजस्व वाद सं. 22/16 (2024–25) में दिनांक 28.10.2024 के आदेश द्वारा खसरा सं. 107/1 मिन को गैर कृषि भूमि घोषित किया गया है। सम्पत्ति सेल डीड सं. 6707, दिनांक 09.09.2021 के अनुसार श्रीमती अंजलि अरोड़ा पत्नी श्री पंकज अरोड़ा के नाम पर विधिवत पंजीकृत है। सीमायें – उत्तर में 40 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण में नहर, पूरब में पंकज अरोड़ा की भूमि, पश्चिम में मुख्य रामनगर रोड।

बैंक ऑफ बड़ौदा, काशीपुर मुख्य शाखा | संपर्क नं. 8477009660 | नरेंद्र कुमार एडवोकेट 9412153081

कार्यालय नगर पालिका परिषद, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक : 43/गृह० नामान्तरण/2025-2026 दिनांक : 28-04-2025

गृहकर नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण एवं सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद खटीमा के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार दर्ज पूर्व भवन स्वामियों का नाम खारिज कर उनके सम्मुख अंकित कॉलम सं०-5 में उल्लेखित व्यक्तियों के नाम कॉलम सं०-6 उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर गृहरकर वसूली हेतु गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

क्र० सं०	वार्ड संख्या	भवन संख्या	पूर्व भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम भवन नामान्तरण किया जाना है।	नामान्तरण/संशोधन हेतु प्रस्तुत अभिलेख का विवरण
1	पुराना 08 नया 13	191/03	श्री हीरा लाल जैन पेट्रोल पम्प प्र० सतीश चन्द्र जैन	श्री राशिद हुसैन पुत्र श्री हाजी घासी	रजिस्ट्री विक्री नामा के आधार पर 20/96 फिट भाग की गृहकर नामान्तरण

अतः उक्तानुसार गृहकर अभिलेखों में उक्तानुसार कॉलम सं० 4 में अंकित पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर कॉलम सं० 6 में उल्लेखित अभिलेखों के आधार पर कॉलम सं० 5 में अंकित वर्तमान भवन स्वामी का नाम गृहकर नामान्तरण / संशोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य एक माह के भीतर पालिका कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से अपनी आपत्ति प्रेषित कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा उक्तानुसार प्रस्तावित गृहकर नामान्तरण / संशोधन करते हुये गृहकर अभिलेंखो में गृहकर की वसूली हेतु पूर्व भवन स्वामी का नाम खारिज कर वर्तमान भवन स्वामी के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद खटीमा (ऊधमसिंह नगर) | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खटीमा (ऊधमसिंह नगर)

पहल सेना के अधिकारियों ने श्रीअन्न के प्रयोग पर जताई प्रसन्नता, जीबी पंत विवि में आयोजित हुई बैठक

कुलपति ने सेना के अधिकारियों को दी श्रीअन्न की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर एवं थल सेना उत्तर भारत एरिया के मध्य एक समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर हुए। इस दौरान थल सेना के अधिकारी और विश्वविद्यालय के कुलपति और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सेना के अधिकारियों की विश्वविद्यालय के अधिकारियों और वैज्ञानिकों के साथ बैठक भी हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

सोमवार को भारतीय थल सेना की ओर से केंद्रीय कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेन गुप्ता (पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम), उत्तर भारत एरिया के जीओसी ने लेफ्टिनेंट डीजी मिश्रा एवीएसएम, जीओसी उत्तर भारत एरिया, ब्रिगेडियर विक्रमजीत सिंह, कर्नल जतिन ढिल्लो आदि अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इसके बाद आयोजित बैठक में कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान श्रीअन्न की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उनके लाभों की जानकारी दी।

वहीं भारतीय सेना के अधिकारियों ने श्रीअन्न के प्रयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय स्तर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उनके द्वारा समझौते के अनुरूप भारतीय सेना में श्रीअन्न के प्रति जागरूकता कार्यक्रम एवं शेफ कैडर को प्रशिक्षण दिए जाने और सेना की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीन तकनीकों का विकास कर सेना को उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा गया। उन्होंने इस संबंध में एक तृतीय पक्ष से वृहद परियोजना तैयार कर वित्त पोषण के लिए प्रयास किए जाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान सेना के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय ने श्री अन्न से तैयार व्यंजनों यथा मंडुआ की लस्सी, मंडुआ की आईसक्रीम, मंडुआ की बर्फी, मंडुआ का सूप, झिंगौरे की खीर, नमकीन आदि का सेवन करते हुए उनके स्वाद एवं गुणवत्ता की सराहना की गयी।

इस दौरान सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्य सेन गुप्ता ने विश्वविद्यालय के व्यंजनों की गुणवत्ता एवं विश्वविद्यालय के शोध कार्यों की सराहना करते हुए भारतीय सेना के लिए शीघ्र जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए कहा गया। बैठक में विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रभाकरण, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. श्वेता राय, डॉ. अर्चना कुशवाह आदि वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग करते हुए तकनीकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निदेशक शोध डॉ.पीके सिंह ने किया।

केंद्रीय कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल को सम्मानित करते कुलपति।

संपत्ति विवाद को लेकर झगड़ रहे चार लोग शांति भंग में गिरफ्तार

बाजपुर : केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने संपत्ति विवाद को लेकर झगड़ा कर रहे चार लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार कर न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। सोमवार को पुलिस डायल नंबर–112 में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टांडा खेम में संपत्ति विवाद को लेकर दो पक्षों में लड़ाई–झगड़ा हो रहा है। इस पर महिला उपनिरीक्षक पूनम रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गईं और झगड़ रहे दोनों पक्षों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते हुए और मारपीट पर उतारू हो गए, जिसके चलते बड़ी घटना एवं शांति व्यवस्था भंग न हो इसे देखते हुए पुलिस टीम ने प्रथम पक्ष के बलविंदर कुमार, सूरज सिंह एवं दूसरे पक्ष के सुरजन सिंह व अभिषेक कंबोज को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया है।

एक नजर

दो घरों में चोरी से बिजली का उपयोग होते पकड़ा

बाजपुर : विद्युत विभाग व विजिलेंस टीम ने संयुक्त छापेमारी कार्रवाई करते हुए विद्युत संयोजन चेक किए। इस दौरान दो घरों में चोरी से बिजली का उपयोग होते पाया गया, जिसमें उपभोक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ऊर्जा निगम व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान नई आबादी हरसान निवासी ललित मोहन के घर पर 0 .456 किलोवाट व अस्कोट हरसान निवासी शेखर सिंह बिष्ट के यहां 0 .456 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम ने संयोजन बिच्छेद कर मौके से 15 मीटर टू-कोर केबिल कब्जे में ली गई। इन दोनों कनेक्शनधारियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत प्राथमिकी पंजीकृत करवाई है। टीम में विद्युत वितरण उपखंड के एसडीओ गिरीश चंद्र पांडे, सहायक अभियंता सतर्कता अमित चंद्र आर्या, अवर अभियंता मोहम्मद फरहान, लाइनमेन सुमित, कैलाश दानी आदि शामिल रहे।

मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

बाजपुर : मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। ग्राम रम्पुरा काजी गुलाब का मझरा केलाखेड़ा निवासी बलविंदर सिंह (21) ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों बलजीत सिंह (22), दलजीत सिंह (22) के साथ रविवार की देर रात अपनी मौसी के घर तुमड़िया से घर वापस आ रहा था। आरोप है कि जगतपुर गांव के पास 6-7 युवकों ने घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए, जिसमें तीनों के चोटें आई हैं। पीड़ित ने जेब में रखे मौसी से ब्याज पर लिए गए 10 हजार रुपये छीनने एवं मोबाइल तोड़ने का आरोप भी लगाया है। वहीं घायलों को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। इसके अलावा वार्ड-तीन केलाखेड़ा निवासी मोहम्मद अली का पड़ोसी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो मारपीट हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को केलाखेड़ा पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दादी के घर आया 14 वर्षीय किशोर लापता

बाजपुर : ग्राम सतीपुर गुलजार नगर थाना जगतपुर बरेली उप्र निवासी नदीम

अहमद ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा समद बाजपुर के वार्ड-5 मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर में 23 मई को अपनी दादी के घर आया था और अगले दिन 24 मई को बिना बताए कहीं चला गया, जोकि अभी तक घर नहीं पहुंचा है। लापता बालक का 22 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने के चलते उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बालक के परिजनों ने 28 मई को कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना भी दर्ज करवा दी है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका के चलते डरे-सहमे हुए हैं और पुलिस प्रशासन से बालक को तलाशने में मदद की गुहार लगाई है।

काशीपुर में पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप 18 से

रुद्रपुर : जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी देहरादून की ओर से ब्लॉक परिसर काशीपुर क्षेत्र में 18, 19 व 20 जून को पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप लगाया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए उप जिलाधिकारी काशीपुर को नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि जिन्हें पासपोर्ट बनवाना है वे इन तिथियों में ब्लॉक कार्यालय काशीपुर में जाएं।

बंद घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर उड़ाए

संवाददाता, किच्छा

- विवाह समारोह से घर लौटने पर हुई घटना की जानकारी
- घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में चोरों ने घर पर धावा बोलकर हजारों रुपये की नगदी सहित कीमती जेवर चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। पीड़ित जब घर पहुंचा तो घर का सामान अस्त व्यस्त देखकर उसके होश उड़ गए। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना का पूरा वीडियो कैद हो गया। फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में साईं कॉलोनी, चौकी लालपुर, थाना किच्छा निवासी सचिन कुमार ने बताया कि वह 9 जून को घर में ताला लगाकर विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए जिला बरेली गया था। पीड़ित के अनुसार जब वह विवाह समारोह से घर लौटा तो घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा हुआ हुआ था। गृहस्वामी ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पता चला कि गड्ढा कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप, रूद्रपुर निवासी सन्नी चंद्रा एवं ओमपाल उर्फ नन्हे नाम के दो युवक उनके घर में घुस आए और घर तथा अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर सहित करीब 11 हजार रुपए की नगदी चुरा ली और फरार हो गए।

सिंचाई विभाग के ईई भी हैं आनंद सिंह, इस्तीफा देते ही शुरू हुई आरोपों की राजनीति, सभी आरोपों को नकारा

ओआरवीएस के अध्यक्ष नेगी ने दिया पद से इस्तीफा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ओमेक्स रिवेरा वेलफेयर एसोसिएशन (ओआरवीएस) के अध्यक्ष की ओर से त्यागपत्र देने के बाद आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी शुरू होने लगी है। जबकि अध्यक्ष ने त्यागपत्र देने का कारण सरकारी कार्यों में व्यस्त रहना बताया है। कारण एसोसिएशन के अध्यक्ष खटीमा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भी हैं।

बताते चलें कि ओमेक्स रिवेरा वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव अक्सर विवादों में रहा है। जहां प्रतिद्वंद्वी हमेशा कार्यकारिणी की कार्यशैली पर सवाल उठाते रहे हैं, वहीं पांच जून को जैसे ही वर्तमान एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने पद से त्यागपत्र दिया और कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस्तीफा मंजूर किया। त्याग पत्र की कापी ओमेक्स सोसाइटी ग्रुप में डाली गई।

इसके बाद से शहर की सबसे पॉश कॉलोनी में राजनीति व आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। यहां तक की त्यागपत्र देने के बाद निवर्तमान अध्यक्ष पर सरकारी पद का दुरुपयोग करने और राष्ट्रीय ध्वज में गबन जैसे आरोप भी प्रतिद्वंद्वी लगाने लगे। इसके बाद कॉलोनी में चुनाव की सुगबुगाहट शुरू होने लगी है। कारण वर्तमान कार्यकारिणी का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और कभी भी चुनाव की तिथि घोषित हो सकती है।

वर्ष 2023 में ओमेक्स रिवेरा वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ और कॉलोनी वासियों ने उन्हें अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया। सरकारी कर्मी सोसाइटी का चुनाव लड़ सकता है। ऐसा आवासीय कॉलोनी के नियम में लिखा हुआ है, लेकिन जो प्रतिद्वंद्वी आरोप लगा रहे हैं। वह बॉयलॉज को पढ़ सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय ध्वज के गबन का आरोप बिल्कुल निराधार है। कारण कार्यकारिणी में ध्वज पोल का प्रस्ताव पारित हुआ था। त्यागपत्र वह अपनी स्वेच्छा से दे रहे हैं कि ईई होने के नाते उनके पास सरकारी कार्य होता है और वह समय देने में असक्षम हैं।

-आनंद सिंह नेगी, अधिशासी अभियंता व निवर्तमान अध्यक्ष

ओमेक्स रिवेरा वेलफेयर एसोसिएशन का बायलॉज में कहीं जिक्र नहीं है कि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी नहीं लड़ सकता है। यदि बॉयलॉज में अंकित होता तो अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी का चुनाव लड़ना गलत होता। इसके अलावा शिकायतकर्ता का यह आरोप भी निराधार है कि राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर गबन हुआ है। कारण 11 सदस्यीय कार्यकारिणी की सहमति के बाद ही खरीद फरोख्त होती है। ऐसे में एक व्यक्ति या पदाधिकारी गबन कर ही नहीं सकता है।

-राकेश चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष, ओआरवीएस

रविंद्र नगर के रहने वाले शिकायतकर्ता ने 30 अप्रैल को डीएम को संबोधित ज्ञापन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी सोसाइटी का चुनाव नहीं लड़ सकता, लेकिन अध्यक्ष ने चुनाव जीतने के बाद अधिकारी होने का रौब दिखाया और राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर एक लाख का गबन भी किया। शिकायतकर्ता ने डीएम से प्रकरण की जांच करवाकर आरोपी ईई सिंचाई विभाग के निलंबन का मुद्दा उठाया। कहा कि त्याग पत्र कार्यकाल समाप्ति के बाद क्यों दिया गया।

-विजय शंकर, याचिकाकर्ता

हादसा या लापरवाही: लाइनमैन की करंट से मौत

शट डाउन के बावजूद दौड़ रहा था बिजली के पोल में करंट, विगत रात्रि शिमला पिस्तौर की घटना, गुस्से में स्थानीय लोग

दुखद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विगत देर रात्रि शिमला पिस्तौर गांव में उस वक्त हंगामा शुरू हो गया जब विद्युत पोल से करंट लगकर एक लाइनमैन की मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा काटा और लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पहुंचे एसएसआई और जेई का भी घेराव किया। जांच का आश्वासन देने के बाद पुलिस व विभाग हादसा या लापरवाही की दिशा में अपनी जांच कर रहे हैं। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शिव कुमार (फाइल फोटो)।

शिमला पिस्तौर निवासी 44 वर्षीय लाइनमैन शिव कुमार गंगवार को रविवार की देर रात्रि स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि विद्युत पोल का तार टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी है। जिसके बाद लाइनमैन ने कंट्रोल रूम फोन कर संबंधित फीडर की बिजली काटने की बात कही और सीढ़ी लगाकर विद्युत पोल पर चढ़ गया। जब लाइनमैन शिव कुमार ने विद्युत तार को छुआ तो करंट से जोरदार झटका लगा और लाइनमैन धड़ाम से नीचे गिर गया।

जमीन पर सिर टकराने से सिर फट गया और खून से लथपथ लाइनमैन को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साए लोगों ने शव को गांव में ही रख कर हंगामा काटना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि जब शट डाउन था तो विद्युत पोल में करंट कैसे आया। इससे साफ है कि शट डाउन किसी और फीडर का किया गया था। हंगामे की सूचना मिलते ही एसएसआई आरएस रावल, जेई सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचे।

लोगों ने अधिकारियों का घेराव कर लापरवाही बरतने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की और लाइनमैन को उचित मुआवजा देने का भी मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हादसा या फिर लापरवाही की दिशा में जांच होगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। मुआवजे के लिए शासन-प्रशासन से भी वार्ता होगी। कई घंटों की जद्दोजहद के बाद आखिरकार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना की जानकारी लेते पुलिस व यूपीसीएल के अधिकारी। ● अमृत विचार

यूपीसीएल की विद्युत सुरक्षा टीम करेगी जांच

रुद्रपुर : शिमला पिस्तौर निवासी लाइनमैन शिव कुमार गंगवार मौत प्रकरण की जांच विद्युत सुरक्षा टीम को सौंपी गयी है। टीम यह जानने की कोशिश करेगी कि लाइनमैन की मौत केवल एक हादसा है या फिर लापरवाही का नतीजा। इसके लिए टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और फीडर कंट्रोल रूम में भी जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

चार लाख का मुआवजा देगा यूपीसीएल

रुद्रपुर : शिमला पिस्तौर में हुए हंगामे के बाद यूपीसीएल ने मृतक लाइनमैन के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने का मन बना लिया है। जिसकी शुरुआत परिजनों को 80 हजार का चेक देकर की है। बाकी की बकाया राशि जांच रिपोर्ट आने के बाद दी जाएगी यानी पीड़ित परिवार को चार लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

लाइनमैन मौत प्रकरण की जांच विद्युत सुरक्षा टीम को सौंप दी है। मौत प्रकरण हादसा या फिर लापरवाही थी। इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। बावजूद परिवार को 80 हजार का आर्थिक सहायता चेक दिया गया है, शेष धनराशि बाद में दी जागी। वहीं जांच रिपोर्ट में लापरवाही सामने आई तो आरोपी कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के अलावा विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

-शेखर त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता, रुद्रपुर

सामने आया भूखंड विवाद आठ कारोबारियों पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

- विवादित भूखंड पर चल रहा था कब्जे का प्रयास
- बिल्डर ने कराया मुकदमा, जांच हुई शुरू

अमृत विचार: शहर की पॉश कॉलोनी स्थित विवादित भूखंड का विवाद अब खुलकर सामने आने लगा है। बिल्डर की याचिका पर कोतवाली पुलिस ने आठ कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोप था कि कारोबारी उसके भूखंड पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार एलायंस कॉलोनी निवासी बिल्डर मोहित अग्रवाल ने बताया कि उसने राजीव शुक्ला को वार्ड-31 वाले स्वामित्व भूमि तिरुपति का एक भूखंड 10 अक्टूबर 2024 को बेचा था। 29 मार्च 2025 को जब भूखंड स्वामी राजीव शुक्ला आवासीय भूखंड की नपाई को गया तो वहां मौजूद कारोबारी पुष्कर राज जैन, योगेश जैन अपने साथियों के साथ दबंगई के बल पर नपाई को रुकवा दिया और खुदाई कर रहे जेसीबी चालक को भी भगा दिया।

विवाद के बाद निचली अदालत से स्वामित्व का आदेश भी पारित किया। बावजूद तिरुपति एनक्लेव निवासी पुष्कर राज जैन, योगेश जैन, ध्रुव मुंजाल, हरिशंकर गुड्डू, राकेश शर्मा, अमित त्यागी, भगत सिंह चौक निवासी कंवलजीत सिंह और डॉ. पंकज कुमार ने हाथापाई की और परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

आरोप था कि प्रकरण की शिकायत कोतवाली पुलिस से की, लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। जिसके बाद याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेशित किया। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

बिल्डर मोहित अग्रवाल जिस भूखंड का विवाद बता रहे हैं। वह भूखंड स्थानीय लोगों की रजिस्ट्री में पार्क की भूमि है। उसी भूमि से सटी चारदीवारी को तोड़कर बिल्डर कॉलोनी का निर्माण करना चाहता था। यह कॉलोनी एक्ट का भी उल्लंघन है। सभी नामजद वाशिंदे पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। इससे वास्तविकता सामने आएगी। यही बिल्डर पर धोखाधड़ी का भी आरोप है। जिसके खिलाफ सभी कॉलोनीवासी संगठित हैं और किसी भी जांच को तैयार हैं।

-पुष्कर राज जैन, नामजद आरोपी

एससी आयोग ने किया शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग को प्राप्त लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए बाजपुर पहुंचीं आयोग की अध्यक्षा लीलावती राणा ने शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया।

सोमवार को तहसील सभागार में कार्यक्रम के दौरान जनजाति आयोग की अध्यक्षा लीलावती राणा एवं सदस्यों सुरेंद्र सिंह राणा व बाबूराम तोमर ने कुल 25 फाइलों में से 5 फाइलों का मौके पर निस्तारण किया। आठ फाइलों को आगे चलाया जाना पाया गया तथा 12 मामलों में पक्षकार तहसील नहीं पहुंचे, जिसकी वजह से उनके प्रकरणों को नहीं सुना गया है। इस दौरान उन्होंने जनजाति के हितों एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जनजाति की जमीनों पर अवैध अतिक्रमण को टोकने के लिए राजस्व अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में आयोग की अध्यक्षा लीलावती राणा ने कहा कि आयोग के माध्यम से जो हमारी पुरानी फाइलें थीं उनके निस्तरण के लिए आना हुआ है। जिसमें बाजपुर व गदरपुर की कुल 42 मामलों की फाइलें पेंडिंग हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का निर्देश है कि उत्तराखंड में रह रहे जनजाति समाज की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, उत्तराखंड जनजाति आयोग के सदस्य सुरेंद्र सिंह, बाबू सिंह तोमर, सूरवीर सिंह डोवाल, कानूनगो सुनीतिपाल आदि मौजूद रहे।

तहसील सभागार में लंबित प्रकरणों की सुनवाई करतीं अध्यक्षा लीलावती राणा।

सख्त कार्रवाई

वर्ष 2008 से बिना दस्तावेज संचालित था मदरसा, प्राधिकरण-नगर निगम ने किया सील

पहाड़गंज में अवैध मदरसे पर प्रशासन ने जड़ा ताला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: शैक्षिक संस्थानों की आड़ में संचालित अवैध मदरसों पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण और नगर निगम की टीम ने पहाड़गंज में संचालित मदरसे पर ताला जड़ दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से मदरसा संचालकों में हड़कंप मच गया।

सोमवार को जिला विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय, नगर निगम की उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पुलिस बल के साथ पहाड़गंज पहुंचे। यहां मस्जिद के बगल में एक मकान के अंदर बिना दस्तावेजों के मदरसा चल रहा है। जब संयुक्त टीम ने मदरसा संचालक से दस्तावेज मांगे तो कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाए। जिसके बाद प्रशासन की टीम ने मकाननुमा अवैध संचालित मदरसे को सील कर ताला जड़ दिया।

वहीं टीम ने हिदायत दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। उधर जिला विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि पहाड़गंज में नियमों के विरुद्ध अवैध मदरसा संचालित होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जब शिकायत की जांच कराई तो मामला सही पाया गया था। संचालक को नोटिस भेजने के बाद भी गरीब नवाज मदरसा को बंद नहीं किया और प्रशासन ने सील कर दिया है। इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

पहाड़गंज का मौका मुआयना करते जिला विकास प्राधिकरण के सचिव। ● अमृत विचार



मदरसे पर लगी सील। ● अमृत विचार

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

संपादकीय

महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

> रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढ़ंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढ़े तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढ़ंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढ़े तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

प्रसंगवश

समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।

डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के

प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

> उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

सोशल फोरम

देशभक्ति और विचारधारा

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे?

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

-फेसबुक वॉल से

मगर चेत कौन रहा है

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

चर्चा में फ्लैप्स

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

सचिदानंद सिंह
मुंबई

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

कूड़ा निस्तारण के लिए निगम को मिलेंगे 30 वाहन

मेयर दीपक बाली ने नगर निगम में हुई पत्रकार वार्ता में कहा- बरसात के मौसम में जलभराव न हो इसके लिए युद्ध स्तर पर चल रहा काम

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मेयर दीपक बाली ने कहा कि शहर को कहीं भी गंदा नहीं रहने देंगे। शासन से 30 कूड़ा निस्तारण वाहन अगस्त तक मिलने जा रहे हैं। हर वार्ड में गाड़ी पहुंचेगी। जनता को चाहिए कि वह उन वाहनों में ही कूड़ा डालें।

कभी-कभी किसी कारणवश या तकनीकी खराबी के चलते यदि गाड़ी समय पर नहीं पहुंचती है तो उसके लिए थोड़ा इंतजार कर लें। कहा कि शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

सोमवार को नगर निगम सभागार में मेयर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और सभी पार्षदों के साथ पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान जनता से वादे नहीं बल्कि अपने काशीपुर को बदलने के लिए संकल्प लिए थे। प्रदेश के विकास की दूरदर्शी सोच रखने और काशीपुर के प्रति विशेष स्नेह रखने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर को बेहतर बनाने में अपना पूरा सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। बाली ने कहा कि बरसात को देखते हुए जलभराव न हो इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। ऐसे में जनता को चाहिए कि वह नाले और नालियों में कूड़ा न डालें, क्योंकि कूड़ा डालने से नाले नालियां चोक हो जाते हैं और पानी की निकासी रुक जाती है। जिसका खामियाजा जलभराव के रूप में जनता को ही भुगतना पड़ता है। कहा कि काशीपुर जलभराव की समस्या से पूरी तरह मुक्त होगा, जिसके लिए ड्रेनेज सिस्टम तैयार हो रहा है। स्टेशन रोड पर पुराने स्टेट बैंक के सामने जो पुलिया बननी है उसे भी जल्द ही कम से कम समय में आधुनिक तरीके से बनाया जाएगा। कहा कि शहर के विकास कार्यों में सभी पार्षदों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वहीं विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि मेयर बाली ने चुनाव के दौरान विकास के जो वादे किए थे, उन्हें वह पूरा कर रहे हैं। चीमा ने कहा कि विकास ऐसी प्रक्रिया है जो सभी के साथ मिलकर चलने से होती है लिहाजा मेरा और मेयर का पूरा प्रयास है कि काशीपुर क्षेत्र का समुचित विकास हो। यहां पार्षद पुष्कर बिष्ट, दीपा पाठक, अंजना आर्य, रवि प्रजापति, सरफरोज सैफी, राशिद फारुकी, वैशाली गुप्ता, अनूप सिंह, अभिषेक वर्धन, प्रिंस वाली, अनीता कंबोज, संदीप सिंह उर्फ मोनू, सीमा सागर, मयंक मेहता, अशोक सैनी, विजय बाबी, मोहम्मद शरीफ चौधरी, मनोज जग्गा, समरपाल सिंह, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में नगर निगम सभागार में प्रेस वार्ता करते मेयर दीपक बाली व विधायक त्रिलोक सिंह चीमा। ● अमृत विचार

पत्रकार वार्ता के दौरान गले मिलते मेयर और विधायक।

मतभेद भुलाकर गले मिले विधायक चीमा और मेयर बाली

काशीपुर, अमृत विचार : चौराहों के नाम बदलने को लेकर आमने-सामने आए विधायक और महापौर ने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं। काफी समय बाद दोनों एक मंच पर दिखे। आपस में गले मिले और साथ मिलकर विकास करने का संकल्प दोहराया। महापौर दीपक बाली ने काशीपुर के चौराहों समेत कुछ स्थलों का नाम बदलने की घोषणा की थी। इसको लेकर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के पिता पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने विरोध कर महापौर दीपक बाली की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे। तभी से विधायक और महापौर खेमे के बीच शीत युद्ध की स्थिति बनी हुई थी। सोमवार को निगम सभागार में पार्षदों की मौजूदगी में दोनों नेता मतभेद भुलाकर साथ आए और शहर के विकास में सहभागी करने का संकल्प लिया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा से पत्रकारों ने पूछा कि चौराहों के नाम बदलने से उन्हें कोई आपत्ति तो नहीं है तो उन्होंने कहा कि यदि जनता चाहती है कि चौराहों के नाम बदलने चाहिए तो चौराहों के नाम बदले जाने चाहिए। विधायक ने कहा कि मेरा और मेयर का पूरा प्रयास है कि काशीपुर क्षेत्र का समुचित विकास हो।

योग दिवस पर होगा शिविरों का समापन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : आओ हम सब योग करें अभियान राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग शिविरों में लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। इन शिविरों का समापन 21 जून को योग दिवस के दिन होगा।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. नवीन भट्ट, डॉ. धीरज बिनवाल और डॉ. मोनिका भैसोड़ा के निर्देशन में खटीमा के कई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में यह आयोजन कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम जमौर में रिया के द्वारा निशुल्क योग शिविर चलाया जा रहा है जिसमें पश्चिमोत्तासन, नौकासन, तितली आसन, गोमुखासन, मंडूकासन, चक्की चालासन, त्रिकोणासन, ताड़ासन, द्विकोणासन, सूर्य नमस्कार आदि आसन व प्रणायाम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस दौरान डॉ. भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह शिविर न केवल प्रदेश बल्कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चलाए जा योग शिविर उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, लखनऊ, बिजनौर, गोंडा, हैदराबाद, बरेली, सितारगंज, पीलीभीत, पंतनगर, बनबसा, टनकपुर, नानकमत्ता, रुद्रपुर, रामनगर, अल्मोड़ा अमोरी, मलधनचौड़, श्यामला ताल , हाल्से, हल्द्वानी, रानीखेत, चंपावत, लोहाघाट, पिथौरागढ़ ,मुक्तेश्वर आदि में चलाए जा रहे हैं। खटीमा में 56 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। घाट रोड देवसैनी कॉलोनी, बग्गा कॉलोनी, राजीव नगर, ऑस्मिक एकेडमी श्रीपुर बिछुआ, बगियाघाट, प्रेम पैलेस रियात पैलेस नानकमत्ता, गुरुनानक इंटर कॉलेज नानकमत्ता, द्वारिका कॉलोनी अल्केमिस्ट रोड, वार्ड नंबर 13 सलामत बिडोरा मझोला, कंजाबाग निकट दूध डेयरी, भूड महोलिया, ग्रीन पार्क खटीमा, जेएलएन पार्क टनकपुर, जमौर, महोलिया,नशा मुक्ति केंद्र बनबसा, सिसईखेड़ा, श्री महाकालेश्वर मंदिर अमाऊ, चुनाभट्टी, आवास विकास, चकरपुर, कुटरा आदि स्थानों पर निशुल्क योग शिविर चलाये जा रहे हैं।

पंत विवि : एलुमनी मीट में 40 पूर्व छात्रों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आयोजित एलुमनी मीट में वर्ष 1997, 1998, 1999, 2000, 2001 और 2007 बैच के लगभग 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान वे विश्वविद्यालय में बिताए पुराने दिनों को फिर से याद करके खुश नजर आए।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ.एएस जीना और डॉ. अनिल कुमार ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए 4ए (पूर्व छात्रों के लिए बने संगठन) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करना और महाविद्यालय के विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।

एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के साथ जुड़े रहने के तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान सभी पूर्व छात्रों ने कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. सुभाष चंद्र एवं कॉलेज प्रबंधन का विशेष आभार भी जताया। एलुमनी मीट के सफल आयोजन में पंतनगर से डॉ.रुचि गंगवार, डॉ.रेनू पांडेय, डॉ. अमित केसरवानी, डॉ.रश्मि तिवारी, डॉ.उषा पंत, डॉ.विनीता राठौर एवं पूर्व छात्रों में उत्तम सिंह नेगी, जितेंद्र सकलानी और हिमांशु उप्रेती आदि मौजूद रहे।

पूर्व छात्रों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

डायनेस्टी गुरुकुल के पूर्व छात्र सक्षम ने पास की नीट परीक्षा

खटीमा : डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के पूर्व छात्र सक्षम आर्यन ने ऑल इंडिया स्तर पर 4144 रैंक हासिल कर नीट परीक्षा पास कर ली है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र द्वारा किए गए कठोर परिश्रम से इस मुकाम को हासिल किया है। छात्र ने सदैव ही शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, विक्टर आईवन, अशोक जोशी, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट आदि ने बधाई दी है।

सिडनी विवि के लिए विद्यावती चयनित

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : मटकोटा फॉर्म पंतनगर निवासी और पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय की पीएचडी शोधार्थी विद्यावती का चयन वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त रूप से संचालित ड्यूल डॉक्टरेट प्रोग्राम के लिए हुआ है। विद्यावती इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय की दूसरी शोधार्थी है।

विद्यावती वर्तमान में डॉ. आरएस जादौन के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं। विद्यावती की माता गायत्री चौरसिया- पिता राधेश्याम अम्बेडकर नगर अयोध्या के निवासी हैं। विद्यावती अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शोध निदेशक डॉ.आरएस जादौन, डॉ.एचजे शिवा प्रसाद, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, गुरुजनों, अपने परिवार, पति गोपाल जायसवाल और भाइयों संतोष एवं विकास को देती हैं। डीडीपी पंतनगर विश्वविद्यालय और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू) के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत एक संयुक्त डिग्री कार्यक्रम है। जिसके तहत विद्यावती को दो डॉक्टरेट डिग्री पुरस्कृत की जाएगी, जिसमें एक घरेलू संस्थान यानी गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और दूसरी मेजबान संस्थान डब्ल्यूएसयू द्वारा पुरस्कृत की जाएगी। विद्यावती करीब एक वर्ष तक वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन एवं अनुसंधान कार्य करेगी। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से प्रति वर्ष 33,512 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की छात्रवृत्ति और शोध-संबंधी कार्यों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।

विद्यावती ने अपनी स्नातक शिक्षा (बीबीए) वीएमयू लखनऊ से एवं स्नातकोत्तर (एमबीए) डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (डीएसएमएनआरयू) लखनऊ से पूर्ण की है। वर्तमान में वह कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय पंतनगर में पीएचडी कर रही हैं। विद्यावती की इस उपलब्धि पर पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डॉ.एचजे शिवा प्रसाद, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों एवं डॉ. दिलुपा नाकंदला वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय डब्लूएसयू के सभी प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

छात्रा विद्यावती के साथ कुलपति डॉ .मनमोहन सिंह चौहान और अन्य। ● अमृत विचार

काशीपुर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता में लैबा ने पाया प्रथम स्थान

काशीपुर : नशा उन्मूलन पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लैबा नूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नशा उन्मूलन समिति द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 24 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने नशामुक्ति की बढ़ती प्रवृत्ति एवं समाधान विषय पर अपने-अपने विचार निबंध के रूप में प्रस्तुत किए। निबंध प्रतियोगिता में लैबा नूर ने प्रथम, रीता कौर ने द्वितीय व काजल कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने छात्राओं को जागरूक कर बताया कि किस प्रकार नशा उन्मूलन में उनकी भूमिका समाज में अमूल्य है। निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका बीएड विभाग की प्राध्यापिका डॉ. शालिनी सिंह और शिप्रा छाबड़ा ने निभाई। इस मौके पर एसो. प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. दीपा चनियान, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. गीता मेहरा आदि मौजूद रहे।

लेनदेन के विवाद से परेशान होकर गटक लिया जहर

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: लेनदेन के विवाद में मानसिक रूप से परेशान एक व्यक्ति द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन किए जाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। जहर का सेवन करने वाले व्यक्ति को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। चार बीघा सिरौली कला निवासी सोनम ने पुलिस को फोन कर बताया कि दिल्ली से आए व्यक्ति द्वारा उसके पिता मोहम्मद आरिफ के साथ मारपीट कर उन्हें जबरन विषाक्त पदार्थ पिलाया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि सोनम के पिता मोहम्मद आरिफ एवं साउथ, गणेश नगर, दिल्ली निवासी जुल्फिकार अहमद के बीच पिछले दो-तीन वर्षों से पैसों के लेनदेन का विवाद चल रहा है। इसके बाद मानसिक रूप से परेशान होकर मोहम्मद आरिफ ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घटना के तुरंत बाद मोहम्मद आरिफ को निजी चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस ने पूछताछ के लिए दिल्ली निवासी जुल्फिकार अहमद को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी। उपचार के बाद कोतवाली पहुंचे मोहम्मद आरिफ ने बताया कि उसके तथा जुल्फिकार के बीच लंबे समय से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। गुस्से में आकर उसने स्वयं ही विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने दोनों को हिदायत देकर छोड़ दिया।

10 विकास कार्यों का लोकार्पण किया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से 10 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय जनता की समस्याएं भी सुनीं और समस्याओं का समाधान जल्द कराने का भरोसा दिलाया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने राज्य योजना के तहत 96.94 लाख रुपये की लागत से ग्राम मलसा में 1850 मीटर सड़क पुनर्निर्माण कार्य, ग्राम दरऊ में 98.10 लाख रुपये की लागत से 1143 मीटर सड़क निर्माण तथा ग्राम दरऊ के आंतरिक क्षेत्र में 60.48 लाख की लागत से 700 मीटर सड़क का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके अलावा विधायक बेहड़ द्वारा मंडी समिति के माध्यम से ग्राम वीरू नगला में 31 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा निर्मित 17.43 लाख की लागत से टिनशेड, फर्श एवं नल निर्माण, ग्राम छिनकी में 17.29 लाख की लागत से बनाए गए टीन शेड, फर्श एवं नल निर्माण तथा विधायक निधि से ग्राम रामनगर में 5.78 लाख की लागत से दो सड़कों तथा ग्राम वीरू नगला में 5 लाख रुपए की लागत से बनाई गई सड़क का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर लोकार्पण किया। इस दौरान तमाम क्षेत्रों में स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ का फूल मालाएं पहनाते हुए भव्य स्वागत किया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी सरवर यार खान, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, अरुण शुक्ला, गुड्डू तिवारी, नजाकत खान, नागेश त्रिपाठी, गुलशन सिंधी, कुलदीप सिंह, सुखविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, गज्जन सिंह, शरीफ अहमद, तौकीर अंसारी, नासिर खान, मुख्तियार अहमद, पप्पू खान, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़ एवं उपस्थित क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

उत्साह दिनेशपुर भाजपा मंडल की गठित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित, कहा- सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं

संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करें भाजपा कार्यकर्ता : पाल

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : भाजपा काशीपुर के जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही सरकार व जनता के बीच रीढ़ की हड्डी का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को भारी मतों से जितवाने की अपील की। सोमवार को ऑडिटोरियम में आयोजित दिनेशपुर भाजपा मंडल की गठित कार्यकारिणी के सम्मान समारोह का शुभारंभ भाजपा काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल, विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि भाजपा की नीतियां हमेशा से ही जन कल्याणकारी रही हैं, प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्र में विकास कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार कार्यकारिणी गठन में कई युवा चेहरे सामने आए हैं उन्होंने संगठन के लिए ईमानदारी व समर्पित भाव से कार्य करने का अनुरोध किया। पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने कहा कि मंडल कार्यकारिणी के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व के अनुसार कार्य करना चाहिए। इसका लाभ पार्टी संगठन को अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल एवं संचालन प्रकाश कोश्यारी व दीपा चुफाल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत मंडल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, युवा नेता अतुल पांडेय व योगेश पानू, जिला मंत्री कविता नेगी, कैलाश शर्मा, हिमांशु सरकार, सरिता गोस्वामी, दीपा पपोला, रेवा मंडल, बादल ग्रोवर, भावेश विश्वास, नरेंद्र सिंह कोरंगा, जीतू चंद, अशोक कालड़ा मौजूद रहे।

दिनेशपुर में भाजपा मंडल की गठित कार्यकारिणी के सम्मान समारोह का शुभारंभ करते अतिथि।

कार्यकारिणी के सम्मान समारोह में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाजपुर के पीजी कॉलेज में चित्रों का अवलोकन करती प्राध्यापकों की टीम।

निबंध प्रतियोगिता में गुलफिजा रहीं प्रथम

बाजपुर, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में एंटी ड्रग्स सेल के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' एवं 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' मिशन के अंतर्गत निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। निबंध प्रतियोगिता में गुलफिजा प्रथम, लता द्वितीय एवं प्रीति यादव तृतीय स्थान पर रहीं। इसी प्रकार चित्रकला में खुश, रवि प्रथम, सपना द्वितीय तथा निर्मला एवं लता तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ.अनुराधा राणा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. अनिल कुमार सैनी, डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. आदर्श कुमार चौधरी निर्णायक के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. मनुहार आर्य व संचालन एंटी ड्रग सेल के प्रभारी जाहिद मुस्तफा ने किया। कार्यक्रम में एंटी ड्रग सेल के सदस्य डॉ. वंदना, डॉ. नीलम मनोला, डॉ. जय सिंह, डॉ. संजय सिंह बिष्ट, डॉ. दर्शन सिंह कंबोज, डॉ. सूरजपाल सिंह, डॉ. ललित सिंह, डॉ. अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस

शांतिपुरी : शांतिपुरी बैरियर के पास चार दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गई थी। मामले में मृतका के पति की तहरीर पुलिस ने अज्ञात वाहन चाले के खिलाफ केस दर्ज किया है। शांतिपुरी नंबर-दो ढाकानी निवासी सोमपाल ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि बीती 12 जून को अपरान्ह लगभग 3 .25 बजे वह अपनी बाइक से अपनी पत्नी मोरकली के साथ धीमी गति में किच्छा की ओर से शांतिपुरी आ रहा था। जब वह किच्छा-लालकुंआ रोड खनिज बैरियर के पास पहुचा तो पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी सड़क पर गिर गई और ट्रक का टायर उसके ऊपर चढ़ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसे भी काफी चोटे आईं और उसका इलाज जिला अस्पताल रुद्रपुर में किया गया। दुर्घटना में घायल और पत्नी के अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण वह समय से रिपोर्ट नहीं दर्ज करा पाया।

मजदूरी करके लौट रहे दो भाइयों पर किया हमला

बाजपुर : मजदूरी करके घर लौट रहे दो भाइयों को रास्ते में घेरकर कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस चौकी बरहैनी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रणपुरी हजीरा निवासी अरविंद सिंह, अमित सिंह ने पुलिस को बताया कि 15 जून की देर रात करीब साढ़े 8 बजे दोनों भाई एक फ्रोजन फूड्स में मजदूरी करके घर लौट रहे थे। आरोप है कि इसी बीच ग्राम हजीरा निवासी दो युवकों ने अपने 30-40 अन्य साथियों के साथ मिलकर रास्ते में घेर लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इतना ही नहीं आरोपितों ने उनके घर पर पीछा किया और भविष्य में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। वहीं घायलों को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

किच्छा में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

किच्छा : कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित बाइक स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा कॉलोनी, वार्ड नंबर 8, थाना किच्छा निवासी रामदास ने बताया कि 14 जून की रात्रि करीब 8 :30 बजे उसने अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक को घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ा कर दिया और घर में चला गया। पीड़ित के अनुसार करीब आधे घंटे बाद जब वह बाइक लेने मौके पर पहुंचा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

केदारधाम के लिए आज से शुरू होगी हेली सेवा

केदारनाथ पैदल मार्ग भी हो गया सुचारू, संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नियमित दर्शन किए जा रहे है। वहीं, रुद्रप्रयाग में रविवार को हेली हादसे में सात लोगों की मौत के बाद स्थगित की गई हेली सेवाओं के मामले में शासन ने आज मंगलवार से केदारधाम के लिए हेली सेवा पुनः संचालित करने की जानकारी दी है।

प्रशासन के अनुसार, बरसात के मौसम के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। पैदल यात्रा मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से हर संभव प्रयास किए गए हैं। वहीं, रविवार को जंगलचट्टी के निकट निरंतर भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था। सुरक्षा दृष्टि से यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था।

जंगलचट्टी के पास रविवार को मलबा आने के बाद केदारधाम पैदल मार्ग अस्थायी रूप से बंद किया गया था, जो सोमवार को साफ किया गया। पैदल मार्ग पर यात्रा सुचारू है।

यलो अलर्ट, मौसम का लेते रहें अपडेट

उत्तराखंड मौसम विभाग ने आगामी दिवसों के लिए भी बारिश की सम्भावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। अकस्मात होने वाली तेज बारिश के कारण पैदल मार्ग में भूस्खलन होने या ऊपर पहाड़ी से पत्थर या मलबा गिरने की सम्भावना बनी रहती है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि श्री केदारनाथ धाम यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालु मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा पर आएं तथा यात्रा के दौरान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा हेतु अद्यतन जानकारी प्राप्त करते रहें और सावधानीपूर्वक यात्रा करें।

प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर शाम में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आये मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारू करने का कार्य तत्परता से किया गया। सोमवार सुबह मौसम के अनुकूल होने पर जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा सुचारू करने हेतु मार्ग पूर्ण रूप से साफ कर दिया गया है तथा केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः सामान्य रूप से संचालित हो रही है। वहीं, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका ने सोमवार को अवगत कराया है कि आज मंगलवार से केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं पुनः संचालित की जाएंगी।

अवैध रूप से बनाई गईं दस दुकानें कीं ध्वस्त

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार: जिला पंचायत ने अवैध रूप से किए गए कब्जे को भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर उप जिलाधिकारी रविंद्र जोयठा और तहसीलदार हिमांशु जोशी की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर दिया।

जिला पंचायत अधिकारी गणेश भट्ट ने उपजिलाधिकारी और तहसीलदार हिमांशु जोशी के साथ नानकमत्ता चौराहे पहुंचकर अवैध रूप से बलवीर कुमार सक्सेना द्वारा बनाई गई दस दुकानों और चार कमरों पर जेसीबी मशीनों को चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान व्यापारी मौके पर पहुंचे लेकिन इसका किसी ने विरोध नहीं किया लेकिन बलवीर की पत्नी ध्वस्तीकरण रोकने की मांग करती रही। जिला पंचायत अधिकारी गणेश भट्ट ने बताया कि ध्वस्तीकरण का मलबा हटाकर विभाग भूमि को अपने कब्जे में लेगा। सुरक्षा की दृष्टि से थाने की पुलिस और खटीमा सितारगंज की पुलिस फोर्स और अग्निशमन की एक गाड़ी मौजूद रही।

नानकमत्ता में अवैध कब्जे को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

सुल्तानपुर पट्टी का ट्रॉफी पर कब्जा

सुल्तानपुर पट्टी में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुल्तानपुर पट्टी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मेजबान टीम सुल्ता न पुर पट्टी एवं केलाखेड़ा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें सुल्तानपुर पट्टी ने कांटे के मुकाबले में एक रन से जीत हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमाया।

युवाओं को नशे से बचाने एवपं इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुल्तानपुर पट्टी में पिछले 15 दिनों से एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियल लीग टूर्नामेंट चल रहा था जिसमें कुल 15 टीमों ने हिस्सा लिया। सोमवा र को मेजबान सुल्तानपुर पट्टी एवं केलाखेड़ा की टीमों के बीच फाइनल मैच हुआ। जिसमें केलाखेड़ा की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया जिसमें टीम ने 12 ओवरों में कुल 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुल्तानपुर पट्टी की टीम ने कांटे के मुकाबले में 98 रन बनाकर एक रन से जीत हासिल कर ली। मो.नाजिम सुल्तानपुर पट्टी मैन आफ द मैच एवं माजिद केलाखेड़ा को मैन आफ दी सीरीज घोषित किया गया। अतिथियों ने विजेता टीम को 25 हजार रुपये व ट्राफी एवं उपविजेता को 11 हजार रुपये एवं ट्राफी प्रदान की गई। इस मौके पर फुरकान रजा, मो.सलीम, सार्थक, वसीम, शाहरूख, मो.असलम, साकिर हुसैन, मो.इस्लाम, नदीम आदि मौजूद रहे।

855 आपत्तियों में से 364 पर हुई सुनवाई

रुद्रपुर : त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर विकास भवन सभागार में आपत्तियों की सुनवाई हुई। इस दौरान जिलेभर से आई 855 आपत्तियां में 364 आपत्तियों की सुनवाई हुई। जबकि 491 मामलों में सुनवाई शेष है। यह सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। सोमवार को आपत्तियों की सुनवाई के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि सबसे अधिक आपत्तियां गदरपुर विकासखंड से आई हैं। जहां 234 प्रधान ग्राम पंचायत से जुड़ी आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिनमें से 99 मामलों की सुनवाई हो चुकी है जबकि 135 अभी लंबित हैं। इसके अलावा 40 क्षेत्र पंचायत सदस्य, 17 जिला पंचायत सदस्य और 1 प्रमुख क्षेत्र पंचायत से संबंधित आपत्ति भी दर्ज की गई। रुद्रपुर विकासखंड में 123 प्रधान ग्राम पंचायत से जुड़ी आपत्तियां मिलीं, जिनमें से 55 मामलों की सुनवाई की जा चुकी है और 68 पर निर्णय शेष है। वहीं, काशीपुर में सभी 28 आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है, जिससे यह विकासखंड निस्तारण के मामले में सबसे आगे रहा। इसी तरह जसपुर में कुल 79 आपत्तियां में से 43 का निस्तारित कर दिया गया, जबकि 36 शेष है। बाजपुर में कुल 97 आपत्तियों में से 39 का निस्तारित किया गया। वहीं सितारगंज में कुल 52 प्रधान ग्राम पंचायत से जुड़ी आपत्तियां आई, जिनमें से 25 का निस्तारण हुआ।

पेयजल की आपूर्ति के लिए हल्द्वानी में दौड़ रहे 20 टैंकर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: भीषण गर्मी और बढ़ती पानी की मांग को देखते हुए जल संस्थान ने शहर में जल आपूर्ति के लिए प्रतिदिन 20 पानी के टैंकर शहर में सुबह 6 बजे से शहर के विभिन्न इलाकों में दौड़ना शुरू कर देते हैं, ताकि उन क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जा सके। जहां नियमित आपूर्ति में बाधा आती है या मांग अधिक है।

जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में कई क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति बन जाती है, जिसे देखते हुए यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। शहरवासियों को समय पर पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए टैंकर सेवा को पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। साथ ही नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जल संस्थान में एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसमें अब शिकायतें सुनने के लिए 6 टेलीफोन लगाए गए हैं। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें बढ़ जाती हैं, जिसे देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता पानी की समस्या होने पर सीधे कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिक 05946-220776 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। शिकायतें सुनकर संबंधित टीम को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

ट्यूबवेल में पानी भरने के लिए लाइन में खड़े टैंकर। ● अमृत विचार

इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परेशानी

सबसे ज्यादा दिक्कत दमुवाढूंगा, चौफुला, नई बस्ती काठगोदाम, ठोकर बस्ती काठगोदाम, भरतपुर, भगवानपुर, बजूनियाहल्दू, नंदपुर, छडायल, इंद्रानगर, बनभूलपुरा, लालडांठ क्षेत्र, बमौरी, बिठौरिया क्षेत्र के लोगों को झेलनी पड़ रही है। हर दिन 10 से ज्यादा शिकायतें जल संस्थान में दर्ज हो रही हैं।

> पानी की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त टैंकर लगाए गए हैं, उन सभी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जा रही है जहां ज्यादा समस्या बनी हुई है। कंट्रोल रूम बनाकर ट्रोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान हो सकें।
> – **रविन्द्र कुमार**, सहायक अभियंता जल संस्थान

धर्म दर्शन

ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति

शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।

उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।

वर्ग पहेली- 4

बाएं से दाएं

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

ऊपर से नीचे

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



वर्ग पहेली -3 का हल

1 गुं		2 रि				
ज		3 का	नू	न	गो	
न		र्				
	4 मॉ	ड	लिं	5 ग		6 मे
7 लो				8 ज	मी	न
भी				दं		हो
	9 ख़ु	रा	फ़ा	ती		ल

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14 .46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01 .01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष
आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।

वृष
आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

मिथुन
आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।

कर्क
आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।

सिंह
आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।

कन्या
आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

तुला
आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।

वृश्चिक
आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

धनु
आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।

मकर
आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

कुंभ
आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।

मीन
आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2					3		4	
		6		9				8
7			5					
			4		7		3	9
		4				6		
	5				1			
	3	9						5
				4		2		
			8					1

सुडोकू - 10 का हल

1	2	7	3	9	8	6	5	4
3	8	5	4	6	1	2	7	9
6	9	4	5	7	2	1	3	8
7	6	9	8	1	5	4	2	3
8	5	3	9	2	4	7	1	6
4	1	2	7	3	6	8	9	5
5	7	1	6	4	3	9	8	2
2	3	6	1	8	9	5	4	7
9	4	8	2	5	7	3	6	1

तीन माह से नहीं मिला वेतन, धरना-प्रदर्शन

स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों ने जताया रोष, जल्द वेतन नहीं मिलने पर कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों में रोष व्याप्त है। सोमवार को कर्मियों ने काला फीता बांधकर सांकेतिक विरोध जताया। जल्द वेतन नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार पर जाने की चेतावनी दी।

इस मौके पर कार्मिकों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। वहीं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नियुक्त कर्मियों का वेतन भी दो माह से लंबित है। वेतन नहीं मिलने से करीब 450 कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उनके लिए घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। कहा कि कई बार इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन फिर भी कर्मियों का वेतन जारी नहीं हो सका है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी है। आउटसोर्स कर्मियों ने जल्द वेतन के भुगतान की मांग की। अन्यथा कार्यबहिष्कार जैसे कदम उठाने की भी चेतावनी दी। यहां अजय तिवारी, कृष्णा बिष्ट, सुचिता, बबिता गैड़ा, योगेश, उमेश, पवन जोशी, भरत कुमार आदि रहे।

मांगों को लेकर विरोध जताते सस्ता गल्ला विक्रेता। ● अमृत विचार

काला फीता बांध कार्य करते कर्मचारी।

विक्रेताओं का अगस्त तक खाद्यान्य वितरण ठप करने का ऐलान

अल्मोड़ा, अमृत विचार : लंबित बिलों के भुगतान समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की हड़ताल जारी है। सोमवार को विक्रेताओं ने बैठक कर जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। वहीं, अगस्त तक खाद्यान्न वितरण नहीं करने का आह्वान किया। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में विक्रेताओं ने कहा कि कोई भी विक्रेता अगस्त तक खाद्यान्न का वितरण नहीं करेगा। विभाग के किसी अधिकारी की ओर से डीलरों को दुकान सस्पेंड करने व जांच करने संबंधित धमकी देकर मशीन लगाने व राशन बांटने में मजबूर करने पर संगठन सभी डीलरों के साथ मिलकर संबंधित के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा। इस दौरान बैठक में पहुंचे विधायक मनोज तिवारी को विक्रेताओं ने ज्ञापन भी सौंपा। विक्रेताओं की मांगों को विधानसभा सत्र में उठाने की मांग की। यहां संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह, दिनेश गोयल, केसर खनी, अभय शाह, नारायण सिंह, विपिन तिवारी, सुरेश, संदीप नंदा, प्रकाश भट्ट, लक्ष्मी दत्त भट्ट, मोहन सिंह बिष्ट, दिनेश बलोदी, कमल कांत, राजेंद्र सिंह, तारा सिंह, महेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, किशन सिंह, शोभन सिंह, विपिन पंत, राजेंद्र बिष्ट, प्रताप बिष्ट, गोविंद सिंह, रमेश भाकुनी, आनंद सिंह, सुरेश भट्ट आदि रहे।

रमेश बने अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

रानीखेत, अमृत विचार : स्थानीय मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत में अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष इन्द्र सिंह देव की अध्यक्षता में अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् प्रधानाचार्य सुनील मसीह की ओर से हेमंत अग्रवाल वरिष्ठ प्रवक्ता द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा पिछले कार्यकारिणी को भंग कर शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु रमेश राम, उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य सुनील मसीह (पदेन), सचिव एमके जोजफ, उपसचिव भुवन चन्द्र बिष्ट, कोषाध्यक्ष रीना वर्मा, कार्यकारिणी समिति के सदस्य संजीव सिंह, विनय कुमार सिंह, गौरव भट्ट, दीपा पन्त, राखी, रेखा देवी, शान्ती देवी चुने गये। बैठक में अभिभावकों, अध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं के प्रगति, अनुशासन हेतु सुझाव व विचार-विमर्श किया गया।

बिजली, पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग

तल्ला ओढ़खोला में समस्याओं को लेकर बैठक करते जनप्रतिनिधि व अन्य।

संवाददाता, अल्मोड़ा

- तल्ला ओढ़खोला में तमाम समस्याओं को लेकर बैठक हुई
- क्षेत्रीय विधायक ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

अमृत विचार: नगर के तल्ला ओढ़खोला वार्ड में सोमवार को समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक हुई। इस दौरान बैठक में लोगों ने बिजली, पानी समेत अन्य समस्याओं को रखा और उनके जल्द निराकरण की मांग उठाई। बैठक में मौजूद क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने क्षेत्रिय समस्याओं को दूर करने के साथ बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा रचित भारतीय संविधान को संरक्षित करने की बात कही।

वहीं, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा पूर्व में नगर पालिका द्वारा उक्त क्षेत्र में पानी बिजली भवन आदि कार्य किए गए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास की बात कही।

इस दौरान बैठक में पार्षद दीपक कुमार, कांग्रेस नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, अनूप भारती, मुकेश कुमार, गंगा राम, गोविंद लाल, प्यारे लाल, दुर्गा लाल, ख्याली राम, सुनील भोज, चंदन लाल, हरीश लाल, प्रेम लाल, संजय कुमार, ललित प्रसाद, अशोक लाल, सुमित कुमार, अनूप कुमार, रोहित कुमार, कन्नू कुमार, रवि कुमार, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

पौधरोपण अभियान रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

पिथौरागढ़ : संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम ने 332 दिन तक नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 की मांग को लेकर 52000 पौधों का रोपण किया, जिसका नाम लॉन्गेस्ट कैंपेन टू प्लांट सैपलिंग इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में 3 जुलाई 2024 से मांगों को लेकर देश भर में यह अनूठा पौधरोपण आंदोलन चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों के माध्यम से समूचे उत्तराखंड में कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसर में पौधों का रोपण किया गया। इस पौधरोपण आंदोलन की सराहना यात्रियों, पर्यटकों सहित सभी के द्वारा की गई। गुरुरानी ने कहा कि निगम के कर्मचारियों ने अपने कार्यों के साथ-साथ उपभोक्ताओं व पर्यटकों को सारी सुविधाएं दीं और खाली समय पर पौधरोपण करते हुए अपनी मांग को शासन तक पहुंचाया।



बाइक रपटने से दो घायल

टनकपुर : टनकपुर खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बाइक के रपटने से बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गए। दोनों घायलों का टनकपुर उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को कमलपथ में मिलिट्री कैंप के पास मोटर साइकिल असंतुलित होकर रपट गई। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग चोटिल हो गए। मुकेश (30) पुत्र भोले सिंह और अनमोल (22) पुत्र राजीव सिंह (दोनों निवासी वार्ड नंबर 5 नई बस्ती) को आनन-फानन में टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के मुताबिक दोनों का इलाज चल रहा है।

बाजार बंद कर जुलूस निकाला

पिथौरागढ़ : धारचूला में कुछ दिनों पूर्व हुए कमलेश हत्याकांड के हत्यारोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किए जाने से नाराज धारचूला के तमाम संगठनों ने बाजार बंद रखते हुए जुलूस निकाला और प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने दिन गुजरने के बाद भी हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है। लोगों ने जल्द से जल्द कमलेश दानू के हत्यारो को गिरफ्तार करने की मांग की है।

टनकपुर में शारदा नदी में दो बच्चों को डूबने से बचाया। ● अमृत विचार

दो बच्चों को शारदा में डूबने से बचाया

टनकपुर : शारदा घाट में तैनात जल पुलिस ने कासगंज और बरेली से परिवार के साथ आए दो बच्चों को शारदा नदी में डूबने से बचा लिया। सोमवार को 10 वर्षीय अभय पुत्र भानुप्रताप, निवासी बहेड़ी बरेली और 11 वर्षीय योगेश पुत्र शिव केश, निवासी सुनगढ़ी कासगंज अपने परिजनों के साथ मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए आए थे। दर्शन से पूर्व दोनों परिवार शारदा घाट में स्नान कर रहे थे, इसी दौरान दोनों बच्चे पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गए। परिजनों के शोर मचाने से वहां मौजूद जवान अनिल कुमार, जावेद खान, राहुल नाथ ने नदी में छलांग लगाकर दोनों को सकुशल बाहर निकालकर परिजनों को सौंपा।

डिपो से निकलकर तीन किमी दूर खराब हो गई बस

लोहाघाट : रोडवेज बसों के बार-बार खराब होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिसका खामियाजा पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले यात्रियों को भुगतान पड़ रहा है। सोमवार सुबह रोडवेज कार्यशाला लोहाघाट से काशीपुर के लिए निकली रोडवेज बस करीब तीन किमी दूर बाराकोट टैक्सी स्टैंड के पास तकनीकी खराबी के कारण रुक गई। इससे कुछ देर के लिए जाम लग गया। बस खराब होने की जानकारी चालक ने कार्यशाला को दी, जिसके बाद बस की बैटरी की समस्या को ठीक कर इसे स्टेशन भेजा गया। रोडवेज के एजीएम धीरज वर्मा ने बताया कि बस की बैटरी में खराबी थी, जिसे दुरुस्त कर लिया गया है।

बाराकोट के पास खराब हुई रोडवेज की बस।

सभासदों ने वार्ता कर दी 3 दिन की मोहलत

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : नगर पालिका टनकपुर में समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगा आंदोलन की चेतावनी देने वाले नगर पालिका के सभासदों ने सोमवार से प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया है। ये कदम सोमवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी से वार्ता के बाद लिया गया। इस दौरान चेतावनी दी कि अगर 19 जून पूर्वान्ह 11 बजे तक मांगों पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया तो तालाबंदी की जाएगी।

टनकपुर के सभासदों का कहना है कि नए बोर्ड को करीब पौने तीन महीने होने को हैं, लेकिन अभी तक विकास कार्य भी शुरू नहीं हुए हैं। इसे लेकर 30 अप्रैल और फिर 13 जून को सभासदों ने नगर पालिकाध्यक्ष और पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दे अविलंब बोर्ड बैठक आहूत कर विकास कार्यों के प्रस्ताव रखने की मांग की थी। ज्ञापन में सभी 11 सभासदों के हस्ताक्षर थे। सभासदों ने गृहकर नामांतरण अतिशीघ्र कराया जाए, स्ट्रीट लाइट की समस्या का निदान हो, ठेकेदारों का लाइसेंस का नवीनीकरण, ठेकेदारों के लंबित भुगतान, पालिका द्वारा दुकानदारों से क्रय की गई सामग्री का लंबित भुगतान हो, कर्मचारी कार्यालय में रहें, पालिका वाहनों की मरम्मत कराई जाए और एक वर्ष से अधिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने आदि की मांग उठाई है। वार्ता के दौरान सभासद हसीद अहमद, चर्चित शर्मा, आशा भट्ट, बबीता, दिलदार अली, दिनेश, शैलेंद्र सिंह, वकील अहमद आदि मौजूद रहे।

दिल्ली से आए दो पर्यटक भटके रास्ता

पिथौरागढ़, अमृत विचार : खुलिया ट्रैक पर भटके नई दिल्ली के दो पर्यटकों को मौके पर वन विभाग की टीम द्वारा भुजानी-खुलिया ट्रैक मार्ग पर सघन रात्रि गश्त करने के उपरांत सकुशल रेस्क्यू किया गया। साथ ही, इनकी पहचान कर उनके परिजनों को सौप दिया गया। दोनों पर्यटक खुलिया टॉप घूमने के लिए आये थे, ट्रैक से वापसी के दौरान अंधेरा होने के कारण खुलिया ट्रैक मार्ग में भटक गये थे।

वन विभाग ने अधिकारी बालम सिंह अलमिया ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी मुनस्यारी द्वारा गठित विभागीय टीम जिसमें बलदेव गोस्वामी, वन दरोगा, हिमांशु भट्ट, वन दरोगा, राजेन्द्र कुमार, वन आरक्षी, कृष्ण चन्द्र भट्ट ने तत्परता से भुजानी-खुलिया ट्रैक मार्ग पर सघन सर्च ऑपरेशन चला कर सफलतापूर्वक पर्यटकों को रेस्क्यू कर परिजनों को सुपुर्द किया।

बागेश्वर में हुआ बैटरी चोरों के अंतराज्यीय गिरोह का खुलासा

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: बीएसएनएल टावर से बैटरियां चोरी होने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा हुआ है। कपकोट पुलिस ने बरेली निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चार बैटरियां बरामद की हैं। इनकी कीमत 3.76 लाख है। इस मामले में तीन आरोपी पहले से ही जेल में हैं।

पुलिस के अनुसार, बीएसएनएल के कर्मचारी महिपाल सिंह ने कपकोट थाने में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि ग्राम लाथी शामा में लगे बीएसएनएल के टावर से सात बैटरियां चोरी हुई हैं। एसपी चंद्रशेखर घोड़के द्वारा गठित टीम ने मुख्य अभियुक्त शिवम मौर्य निवासी काशीपुर को उसके साथियों के साथ हिरासत में लिया। पूछताछ में शिवम ने बताया कि उसके गैंग में रवि उर्फ रवि दिवाकर, कुलदीप यादव, गिरीश कुमार उर्फ सचिन ठाकुर और राहुल चौधरी हैं। बताया गया कि बागेश्वर व पिथौरागढ़ के नवनिर्मित मोबाइल टावर में सिविल वर्क कर चुके गैंग के सदस्य को बागेश्वर के मोबाइल टावरों की लोकेशन शिवम को देता था। दोनों मिलकर चोरी करते थे।

एसआई संजय धौनी व जीवन सामन्त की टीम ने रवि उर्फ रवि दिवाकर निवासी शांति विहार सिठौरा थाना सुभाषनगर जिला बरेली और कुलदीप यादव निवासी गणेशनगर थाना सुभाषनगर बरेली को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की गिरफ्त में बैटरी चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा, अमृत विचार: विकासखंड धौलादेवी के ग्राम पंचायत पपोली निवासी प्रताप सिंह गैड़ा ने दन्या थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते शनिवार को वह कार से गोविंद सिंह भैसोड़ा और चंद्र सिंह निवासी चमतोला और जगत सिंह नायल धूरा संग दन्या की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही मदन सिंह ने उन्हें फोन कर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी उनके साथ मारपीट कर चुका है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित की शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

21 जून से होगा कुमाऊं महोत्सव

- मेले के आयोजन को लेकर समिति ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- धूमधाम से मनेगा महोत्सव, नए कलाकारों को भी मिलेगा मौका

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: सांस्कृतिक नगरी में दस दिवसीय कुमाऊं महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गई है। आगामी 21 जून से महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, समिति ने महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर जोर दिया गया।

सोमवार को श्रीराम सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि दस दिवसीय महोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। बताया कि महोत्सव में हर दिन स्टार नाइट में स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति से महोत्सव में चार चांद लगाएंगे। उन्होंने कहा कि दस दिन तक चलने वाले महोत्सव में सांस्कृतिक, नृत्य, गायन, कलात्मक योग आदि प्रतियोगिताएं के साथ ही मैराथन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, ओपन माइक जैसी गतिविधियां भी होंगी।

जबकि महोत्सव में इंदर आर्या, माया उपाध्याय, जीतेंद्र तोमक्याल, मनोज आर्या, गजेंद्र राणा आदि उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 21 जून से किया जाएगा।

यहां प्रेस वार्ता में यहां कुमाऊं महोत्सव अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, खेल संयोजक हरीश कनवाल आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में कुमाऊं महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता करते समिति के पदाधिकारी।

आयुष मेले का किया आयोजन

बागेश्वर, अमृत विचार : नगर स्थित ब्लॉक सभागार में आयुर्वेद विभाग द्वारा एक वृहद आयुष मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि योग और आयुर्वेद अब केवल पारंपरिक विधाएं नहीं रही, बल्कि इनके वैज्ञानिक प्रमाण सामने आने के बाद पूरी दुनिया एक बार फिर इन प्राचीन पद्धतियों की ओर लौट रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियां आम होती जा रही हैं, जिनसे बचाव के लिए योग और आयुर्वेद अत्यंत प्रभावी माध्यम हैं। इस दौरान विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा जन जागरुकता एवं उपचार संबंधी विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को व्यक्तिगत परामर्श एवं उपचार भी प्रदान किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा कोहली ने आयुर्वेद से होने वाले इलाज और यहां उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

आयुष मेले में स्टालों का निरीक्षण करते दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह व जिलाधिकारी आशीष भटगांई।

औद्योगिक विकास को दें गति

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : राज्य महिला उद्यमिता परिषद अध्यक्ष रेनू अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला उद्योग केंद्र, पुनेठी में विभागीय कार्यों की प्रगति एवं औद्योगिक संभावनाओं पर केंद्रित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में औद्योगिक विकास को गति देना, स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहित करना तथा उद्योग क्षेत्र में आ रही बाधाओं के समाधान की दिशा में सार्थक पहल करना था।

रेनू अधिकारी ने कहा कि सरकार सीमांत और पर्वतीय जिलों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आदर्श चम्पावत की परिकल्पना के अनुरूप जनपद में पर्यटन, कृषि-आधारित उद्योगों और हस्तशिल्प के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं, जिन्हें साकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्थानीय युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने और स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग से आत्मनिर्भर चम्पावत के निर्माण पर विशेष बल दिया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि सरकार की औद्योगिक योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पर्यटन आधारित उद्योगों जैसे होमस्टे, इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नीति सरलीकरण और आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर सहमति बनी।

राज्य महिला उद्यमिता परिषद की अध्यक्ष रेनू अधिकारी को किया सम्मानित।

अभिषेक ने योग पोज में मारी बाजी

संवाददाता, टनकपुर/लोहाघाट

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक विभाग विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, चम्पावत डॉ. आनंद सिंह गोसाई के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोहाघाट में जिला स्तरीय योग पोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व को रचनात्मक तरीके से अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल लोहाघाट, गुरुकुलम एकेडमी खूना मानेश्वर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। योग पोज प्रतियोगिता में अभिषेक पाटनी गुरुकुलम एकेडमी मानेश्वर ने प्रथम तथा भव्या अधिकारी, प्रियांशु बिष्ट डीएवी लोहाघाट ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र वितरित किये तथा बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी गई। 21 जून को होने वाले कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिए गये। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सुधाकर गंगवार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आयुष मिशन चम्पावत के द्वारा योग शपथ के माध्यम से की गई।

लोहाघाट में विजेता प्रतिभागियों को दिया गया सम्मान। ● अमृत विचार

14 माह के निचले स्तर पर थोक महंगाई

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से 0.39% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39% आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56% की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86% की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62% सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26% घटी थीं। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04% रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62% थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27% रही जबकि अप्रैल में यह 2.18% थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82% पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की भारी कटौती कर इसे 5.50% कर दिया था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून में ही रुक गई, जो 15 जून तक के सामान्य स्तर से 31% कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं। इज़राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।

निर्यात घटकर 38.73 तो व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर

नई दिल्ली। देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा।

खुदरा निवेश : आर्थिक आत्मनिर्भरता

खुदरा निवेश (रिटेल इंवेस्टमेंट) वह प्रक्रिया है जिसमें आमजन - जैसे नौकरीपेशा, व्यापारी, गृहिणी या छात्र- अपनी बचत को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉण्ड, बीमा या अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं। यह छोटे पैमाने पर होने वाला निवेश है, लेकिन इसका असर व्यापक होता है क्योंकि यह पूंजी बाजार की स्थिरता और तरलता बढ़ाता है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी हाल के वर्षों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और जागरूकता अभियानों से बढ़ी है। इसमें निवेश करने से व्यक्ति न केवल अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए बचत करता है, बल्कि धन वृद्धि के अवसर भी प्राप्त करता है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, इसलिए निवेश करने से पहले सही जानकारी और कानूनी प्रावधानों को समझना आवश्यक होता है। खुदरा निवेश, यदि विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, तो आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।

खुदरा निवेश के लाभ

- पूंजी में वृद्धि का अवसर, मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव, कर लाभ (धारा 80सी व अन्य प्रावधानों के अंतर्गत), भविष्य के लक्ष्यों (जैसे रिटायरमेंट, शिक्षा) के लिए पूंजी निर्माण, आंशिक निवेश की सुविधा (कम राशि से शुरुआत)

संभावित जोखिम

- शेयर बाजार में अस्थिरता से पूंजी हानि, गलत जानकारी या सलाह के कारण नुकसान, धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड का खतरा, बिना विविधीकरण के निवेश से जोखिम बढ़ता है

कैसे करें खुदरा निवेश

- **शेयर बाजार :** स्टॉक्स या इक्विटी में निवेश करने के लिए डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलना होता है।
- **म्यूचुअल फंड :** एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित निवेश।
- **बॉण्ड व सरकारी प्रतिभूतियां :** सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के विकल्प।
- **बीमा व पीएफ :** सुरक्षा और बचत का मिश्रण।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म :** मोबाइल ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से आसान निवेश सुविधा।

कानूनी और नियामकीय पक्ष

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) खुदरा निवेश की निगरानी करता है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवाईसी, डीमैट, पैन अनिवार्य। म्यूचुअल फंड्स व अन्य स्कीम्स सेबी से पंजीकृत होती हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए सेबी, स्कोर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध।

संयम और योजना जरूरी

- खुदरा निवेश में संयम, जानकारी और योजना जरूरी है। उचित मार्गदर्शन से यह आम व्यक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है।

मजबूत संकेतों से सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी में भी दर्ज की गई 228 अंक की बढ़त

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

शेयर बाजारों में दो दिन के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष से दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 जबकि स्मालकैप 0.38% चढ़ गया। सर्वाधिक 1.50% की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 और तेल एवं गैस खंड में 1.22% की तेजी रही।

एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती के बाद लिया निर्णय

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5% की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5% की कटौती के साथ यह अब 7.75% हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5% की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15% हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा- क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान

मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई।

इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। पिछले कुछ महीनों में रेपो दर में हुई कुल 1% की कटौती से ब्याज लागत में कमी आने से भारतीय उद्योगों के लिए ब्याज कवरेज अनुपात में सुधार होगा। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि निजी पूंजीगत व्यय सोच-समझकर ही किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे खास क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। रेल और रक्षा क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों को भी जून तिमाही में अपने बड़े ऑर्डर से राजस्व और आय होगी। घरेलू मांग से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में स्थिर राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय

एक नजर

चिकित्सकों की निगरानी में सोनिया, हालत स्थिर

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी (78 वर्षीय) की हालत स्थिर है, जिन्हें पेट संबंधी समस्या के चलते रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से जारी बयान के अनुसार, सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

बम की धमकी पर निजी स्कूल की ली गई तलाशी

जयपुर। एक निजी स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। सिटी पैलेस स्कूल की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस स्कूल की संस्थापक दीया कुमारी राजस्थान की उपमुख्यमंत्री हैं।

संजय भंडारी से जुड़े मामले में वाड्रा को नया समन

नई दिल्ली। ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का घटा मान : सुप्रीम कोर्ट

डंकी रूट या अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के प्रति जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को 'डंकी रूट' या अवैध तरीके से अमेरिका भेजने का वादा कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे लोग भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब करते हैं।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का मान घटता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों के ऐसे कृत्यों से भारतीय पासपोर्ट की प्रतिष्ठा खराब हुई है। 'डंकी रूट' का इस्तेमाल आमतौर पर अमेरिका या ब्रिटेन जैसे देशों में प्रवेश करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में मानव तस्करों का उपयोग करना और कानूनी आव्रजन प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए विभिन्न देशों से होकर गुजरना शामिल है, जहां अक्सर कठोर और खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि आरोपी ने न केवल व्यक्ति को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाए। पीठ ने आरोपों को बहुत गंभीर करार दिया और हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर हुई थी, जिसमें उसे राहत देने से इन्कार कर दिया गया था।

रजिस्ट्री, कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है और उच्चतम न्यायालय के 2013 के नियमों में संशोधन किया है।

न्यायालय ने केंद्र एवं वायुसेना को महिला अधिकारी को सेवा मुक्त करने से रोका

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और भारतीय वायुसेना को निर्देश दिया कि वे उस महिला अधिकारी को सेवा से मुक्त न करें, जिसे स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 22 मई के आदेश का हवाला दिया, जिसमें विंग कमांडर निकिता पांडे की याचिका पर केंद्र और भारतीय वायुसेना को इसी प्रकार के निर्देश दिए गए थे और कहा था कि यही निर्देश विंग कमांडर कविता भाटी के मामले में भी लागू होंगे। पक्षकारों के अधिकारों या अधिकारी के पक्ष में समानता के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, पीठ ने कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए तथा अगली सुनवाई तक उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी भाटी ने दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से स्थायी कमीशन देने से मना कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 6 अगस्त को नियमित पीठ के समक्ष निर्धारित की है, जब भारतीय वायुसेना से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को केंद्र और भारतीय वायुसेना को पांडे को सेवा मुक्त करने से रोक दिया था, जो ऑपरेशन बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था।

3 साल वकालत की अनिवार्यता पर पुनर्विचार का अनुरोध

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम 3 साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारत: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में शाह ने कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम रखने का था और 10 साल बाद, संख्या शून्य रखने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता - चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं।

उन्होंने कहा, 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का मंच बनाने का काम किया गया है। जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।

कर्तव्य पथ पर पहला कदम

उधमपुर के पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस उपाधीक्षक और प्रोबेशनरी सब-इंस्पेक्टर पासिंग-आउट परेड के अवसर पर अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए। एजेंसी

खालिस्तान समर्थक किराये के टट्टू : हरदीप पुरी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जी7 शिखर सम्मेलन से पहले कनाडा में खालिस्तान समर्थक हालिया प्रदर्शनों को खारिज करते हुए प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा कि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

पुरी ने कहा, एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ये जो किराये के टट्टू हैं, इन्हें गंभीरता से मत लीजिए। मंत्री ने यह टिप्पणी लुटियंस दिल्ली के 14, पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष और दिल्ली सरकार के 100 दिन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए की।

रैपिडो कंपनी के बाइक चालक ने महिला यात्री को मारा थप्पड़

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रैपिडो कंपनी से जुड़े बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुई तू-तू मैं-मैं के बाद महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया और यह घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जयनगर में हुई। घटना के वक्त महिला उस आभूषण की दुकान पर जा रही थी जहां की वह कर्मचारी है। कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण महिला बीच में ही उतर गई और इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। महिला ने किराया देने और हेलमेट लौटाने से भी इन्कार कर दिया। संपर्क करने पर रैपिडो ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह पुलिस का मामला है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला को बाइक चालक थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। महिला पर हमला इतना जोरदार था कि वह जमीन पर गिर गई।

मनरेगा खत्म करने की कोशिश में केंद्र : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो हर साल अंत तक, मांग ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं?

बांग्ला भाषी भारतीयों को भाजपा बता रही बांग्लादेशी : ममता

कोलकाता, एजेंसी

- विस में प्रश्नकाल के दौरान बनर्जी ने भाजपा पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा, आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। उन्होंने कहा, एक ओर आप भारतीयों को बांग्लादेशी बता रहे हैं, दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।

कुलदीप यादव

लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है

रवींद जडेजा।

हरभजन सिंह।

तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती

इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट शृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की शृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस शृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड शृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

एक नजर

अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। ● एजेंसी

जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

नई दिल्ली : भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

चेन्नई : तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित

साई सुदर्शन। ● एजेंसी

किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है।

उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे।

वाशिंगटन ने कहा मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे

नई दिल्ली : परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

दुबई, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर एक-दूसरे का सामना करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

30 सितंबर : भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।

पांच अक्टूबर : भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।

नौ अक्टूबर : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।

12 अक्टूबर : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।

19 अक्टूबर : भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।

23 अक्टूबर : भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।

26 अक्टूबर : भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।

लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा

उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है

गोलकीपर : एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे।
डिफेंडर : हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। मिडफील्डर : अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर।
फारवर्ड : लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ

म्यूनिख विश्व कप

सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

- **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

अर्जेंटीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद

लंदन, एजेंसी :

एफआईएच प्रो लीग

यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है।

सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

गेम चेंजर

डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद

जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुन: व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

एक नजर

कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

किंशासा। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

साओ पाउलो। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

तेहरान, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।

इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

तेहरान। ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

वाशिंगटन/तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी

- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापाक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे

इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

वाशिंगटन। अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

पेरिस, एजेंसी

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

कोच्चि। अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

अहमदाबाद विमान हादसा | चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा,हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।

डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।